सूर्योदय प्रातः 5:15 | सूर्यास्त संध्या 6:16 | पखवाड़ा वैशाख कृ. अष्टमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 39° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 01 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 78, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,482.78 | -188.50 (-0.25%) |
| निफ्टी | 22,604.85 | -38.55 (-0.17%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,550.00 |
| चांदी | 835.00 |

## अवकाश की सूचना

मजदूर दिवस के अवसर पर हिन्दी दैनिक 'फ्रीडम फाइटर' का कार्यालय 01 मई 2024 को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक 03 मई 2024 शुक्रवार को बाजार में उपलब्ध होगा।

–प्रबंधक

## शुभकामनाएं

मजदूर दिवस के अवसर पर हिन्दी दैनिक 'फ्रीडम फाइटर' के पाठकों, विज्ञापन दाताओं, हॉकरों व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं...।

–सम्पादक

# छत्तीसगढ़ की नारायणपुर मुठभेड़ में 03 महिला नक्सली समेत 10 नक्सली ढेर

एजेंसी

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में मंगलवार सुबह हुई चार घंटे की मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाये गये तलाशी अभियान में तीन महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों के शव बरामद किये गये। इसके साथ ही एके 47, इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। बस्तर आईजी सुददराज पी. ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।



■ घटनास्थल से एके 47 व इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

मंगलवार की सुबह करीब छह बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में डीआरजी एवं एसटीएफ जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ लगभग चार घंटे चली। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाये गये तलाशी अभियान में नक्सलियों के शव और हथियार मिले हैं। इसस पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के ग्राम टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी है। सूचना के आधार पर सोमवार देर रात डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम को सर्चिंग अभियान के लिए ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 16 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण कई पर था लाखों का इनाम

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में व्यापक रूप से चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार को 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें कई नक्सलियों पर लाखों का इनाम घोषित था। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 222वीं वाहिनी के संयुक्त प्रयासों तथा नक्सलियों के कोर इलाकों में कैप स्थापना के बाद मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से नक्सल संगठनों में भगदड़ की स्थिति बन गयी है। मंगलवार को बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वीं बटालियन केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जैक ने इंटर के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम किये घोषित

# लड़कियों ने मारी बाजी

■ 40.78 प्रतिशत प्रथम और 55.71 प्रतिशत द्वितीय

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को इंटरमीडिए के परीक्षा परिणाम जारी कर दिये। कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत, कला में 93.16 फीसदी, वोकेसनल में 83 और साइंस में 72.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। पहली बार है जब जैक ने तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किये हैं।

शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किये। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। साथ ही, बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा।

इस साल 03 लाख 44 हजार परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 72.70 फीसदी पास हुए हैं। छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com और jac.jharkhand.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं।

आर्ट्स में 93.7 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हैं। आर्ट्स में कुल 02 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 02 लाख 06 हजार 685 छात्र ही परीक्षा में पास हुए। कॉमर्स में 90.06 प्रतिशत (23235) छात्र पास हुए हैं। 61 प्रतिशत परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर



**कॉमर्स में ये पांच जिले टॉप**

लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी

**साइंस में ये जिले टॉप पांच में**

कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा और हजारीबाग

**आर्ट्स में टॉप पांच में ये जिले शामिल**

सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग

### जैक इंटर के टॉपर

| साइंस | आर्ट्स | कॉमर्स |
|---|---|---|
| 1. स्नेहा, उर्सलाइन, रांची | 1. जीनत परवीन, रांची | 1. प्रतिभा साहा, उर्सलाइन इंटर, रांची |
| 2. रीतिका कुमारी, हजारीबाग | 2. बहमनी खान, खूंटी | 2. रिया कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| 3. पंकज कुमार साहू, सिसई | 3. दीपाली कुमारी, रांची | 3. सृष्टि कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची |



# अब भारत की सीमा पर आंख उठा कर देखने की हिम्मत किसी में नहीं : मोदी

एजेंसी

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लातुर में कहा कि भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कांग्रेस के राज में अखबारों में भ्रष्टाचार और आतंकवाद की खबरें रहा करती थीं, जबकि अब अखबारों में भ्रष्टाचारियों के पकड़े जाने की खबरें रहती हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत में घर में घुस कर मारने की ताकत है, इसलिए भारत की सीमा पर आंख उठा कर देखने हिम्मत किसी में नहीं है।

पीएम मोदी लातुर में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को सम्बोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले के दिनों को याद करें। कई जगहों पर लिखा होता था कि अपरिचित वस्तुओं को न छूएं, क्योंकि हर जगह बम धमाके हो रहे थे। लेकिन, आज किसी की हिम्मत नहीं है कि भारत की सीमा पर आंख उठा कर देख सके। उन्होंने कहा कि आज भारत घर में घुस कर मारता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नकली शिवसेना ने राम मंदिर स्थापित करने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था : पीएम



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को धाराशिव जिले में कहा कि नकली शिवसेना ने राम मंदिर स्थापित करने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था। राम मंदिर निर्माण कार्य में बहुत बाधाएं लायी गयीं, लेकिन भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज पूरी दुनिया के रामभक्त अयोध्या जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विरासत कर लगा कर बच्चों का हक छीनना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को धाराशिव जिले में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार अर्चना पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को सम्बोधित कर रहे थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति आज करेंगी रामलला के दर्शन

**अयोध्या :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर रहेंगी। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन करेंगी और हनुमानगढ़ी भी जायेंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दर्शन-पूजन कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण और समीक्षा की जा रही है। इसी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से अयोध्या के हनुमानगढी, रेलवे स्टेशन, राम ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कार्यभार सम्भालते ही नौसेना प्रमुख का 'आत्मनिर्भरता' को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करने पर जोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को समुद्र में युद्ध जीतने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना को 'आत्मनिर्भर' बनाने पर मेरा एकमात्र फोकस और प्रयास रहेगा। मैं नयी तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यन्त गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है।



## एक झलक

### देवेन्द्र यादव बने दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष ने पंजाब के प्रभार के साथ ही उनको दिल्ली में यह नई जिम्मेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष का पद अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे से रिक्त हो गया था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने से जुड़ी विज्ञप्ति जारी की है। देवेन्द्र यादव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें पार्टी नेताओं से सोशल मीडिया पर बधाई मिल रही है।

### विधायक रामनिवास और मुरैना की महापौर भाजपा में

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी को मंगलवार को राहुल गांधी के ग्वालियर-चंबल दौरे वाले दिन बड़ा झटका लगा है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से छह बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए। मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और करीब दो हजार कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए।

### रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त छह लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई-आगरा हाई-वे पर चांदवड़ के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रोडवेज बस का टायर फटने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चांदवड़ के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी किरण भोसले के मुताबिक बस जलगांव से वसई के लिए निकली थी।

## कांग्रेस के चतरा प्रत्याशी के.एन त्रिपाठी ने किया नामांकन पर्चा दाखिल

# जुमलेबाजी की सरकार है केन्द्र की भाजपा सरकार, जनता सिखायेगी सबक : चम्पाई

**लोकसभा चुनाव**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** झारखंड में लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे-वैसे सियासत तेज होने लगी है। पक्ष-विपक्ष के बीच जुबानी जंग भी खूब हो रही है। महागठबंधन से कांग्रेस के चतरा लोकसभा प्रत्याशी के.एन त्रिपाठी ने मंगलवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया से पहले चतरा कॉलेज के सामने मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री रामेश्वर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक बैजनाथ राम सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि बीते ● शेष पृष्ठ 11 पर



## राजनाथ ने कांग्रेस को बताया डूबता हुआ जहाज

**भोपाल :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान खंडवा जिले के मांधाता में भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब देश में राम राज्य है। उन्होंने भाजपा की लोकप्रियता की बात करते हुए सूरत में निर्विरोध जीत के साथ इंदौर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के चुनाव मैदान से हटने का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा डूबता हुआ जहाज है, जिसकी तली में छेद है।

# हम महिलाओं को बनायेंगे लखपति, महालक्ष्मी योजना में हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये : राहुल

एजेंसी

**भोपाल :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने मनरेगा लागू की तो कहा गया कि गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं, तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जायेगा। साल में एक लाख रुपये दिये जायेंगे। हर महीने 8500 रुपये एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी। राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के समर्थन में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आप बाहर जाकर काम करते हो, हिन्दुस्तान में महिलाएं भी मजदूरी करती हैं, जॉब करती हैं।




■ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा : युवाओं को करायेंगे अप्रेंटिसशिप, देंगे नौकरी

# तृणमूल के तुष्टीकरण व भ्रष्टाचार के खिलाफ पश्चिम बंगाल की जनता एकजुट : शाह

एजेंसी

**कोलकाता :** केन्द्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में अपनी दूसरी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हुईं, क्योंकि उन्हें अपने घुसपैठिया वोटबैंक के नाराज होने का डर था। उन्हें खुश करने के लिए वह हिन्दू आस्था का अपमान करती हैं।

अमित शाह ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव यह तय करनेवाला है कि लोग देश में परिवार राज चाहते हैं या रामराज्य। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और तृणमूल नेता राममंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्हें डर था कि घुसपैठिए, जो उनकी पार्टी के वोटबैंक हैं, नाराज हो सकते हैं। अमित शाह ने कहा, ्यह चुनाव यह तय करने के बारे में भी है कि क्या आप भतीजे (तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी) को बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में चाहते हैं या नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में चाहते हैं। ममता बनर्जी और उनका भतीजा भाजपा कार्यकताओं पर जितना चाहें उतना अत्याचार कर सकते हैं, लेकिन तृणमूल की हार तय है। तृणमूल के तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ पश्चिम बंगाल की जनता एकजुट हो चुकी है। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल संदेशखाली के दोषियों को बचाना चाहती है, लेकिन भाजपा उन्हें दंडित करेगी।

## फेक वीडियो व झूठ से जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस : गृह मंत्री




**गुवाहाटी :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन की भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने सम्बन्धी भ्रामक बयानबाजी करने और फेक खबरों को प्रसारित करने का आरोप लगा कर जम कर हमला बोला। उन्होंने फेक वीडियो के माध्यम से जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की। केन्द्रीय मंत्री शाह मंगलवार को गुवाहाटी स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन सम्बोधित कर रहे थे।

### अमित शाह के वीडियो एडिट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा का वीडियो एडिट कर वायरल करने के दो आरोपितों को साइबर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपित कांग्रेस विधायक का पीए है, जबकि दूसरा आम आदमी पार्टी (आआपा) का कार्यकर्ता है। दोनों आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार अमित शाह की पालनपुर और लीमखेड़ा में आयोजित जनसभा की वीडियो को गलत रूप से एडिट कर वायरल किया गया। इसमें आरक्षण के संबंध में गलत प्रचार किया गया।

## अंदर के पन्नों पर

3 निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर सिमडेगा के...

5 प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण देश का स्थान...

7 आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त...

9 नवहट्टा में नीतीश ने गिनाई अपनी उपलब्धियां...

10 पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके...

## एक झलक

### नरकोपी में युवती ने की आत्महत्या

**बेड़ो :** प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पिपरटोली गांव में करीब 18 वर्षीया युवती सकुन्ती कुमारी ने अपने घर पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। वहीं इस संदर्भ में मृतका के भाई जगदेव उरांव ने नरकोपी थाना में एक आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उसकी बहन मृतका सकुन्ती कुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।वह अपनी नाना नानी के घर पर रहती थी। वह मूल रूप से बरवाडीह, सांसग,थाना चंदवा जिला लातेहार की निवासी थी।इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना के एएसआई चंदन कुमार घटनास्थल पर सदल बल पहुंचे। इसके बाद नरकोपी पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### कक्षा 12वीं विज्ञान में प्रखण्ड का पहले स्थान पर रही अनीशा कुमारी



**ओरमांझी :** कक्षा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में प्रखण्ड के पांचा गांव के रहने वाली किसान शिलिप महतो की बेटी अनिशा कुमारी ने 500 में से 457 अंक 91.4% हासिल कर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया किया है। अनीशा का कहना हैं कि भविष्य में वह स्वयं का उद्गम स्थापित करना चाहती है। उनके पिताजी से जब बेटी की इस सफलता की जानकारी मिली तो उनका खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तत्काल ग्राम पांचा में घर पर आकर परिजनों ने बधाई दी। अनीशा कुमारी बताती हैं कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं। वह अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को देती है। उन्होंने कहा कि वह सामान्य दिनों में हर रोज 2-3 घण्टे पढ़ाई करती है। वहीं परीक्षा के दिनों में करीब 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती है। प्रखंड वासियों ने उनके वह उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। ज्ञात हो कि इससे पहले आरटीसी पब्लिक स्कूल पझरा पानी गुडु स्कूल के मैट्रिक टॉपर रही है। मुख्य रूप से ओरमांझी पूर्वी जिप सदस्य सरिता देवी रामनंदन महतो विनोद कुमार महतो दिगंबर महतो दिलीप महतो मनोज महतो भूषण महतो संजय महतो एवं अन्य लोगों ने बधाई दी एवं अनिशा कुमारी की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भुरकुंडा पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**भुरकुंडा :** पुलिस ने मंगलवार को लंबित मामले में फरार चल रहे पटेल नगर पंचायत निवासी सुबोध राय पिता दिनेश राय (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि अभियुक्त पर पतरातु थाना में कांड संख्या 176-23 धारा 20, (11) बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

### सभा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें रांची लोक सभा के एनडीए प्रत्याशी माननीय संजय सेठ जी के नामांकन दिनांक 02 मई को होना निश्चित हुई है। जिन्हें भारी मतों से विजयी बनाने के लिए तैयारी को लेकर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर अनगड़ा प्रखण्ड के 16 पंचायतों के सीनियर पंचायत प्रभारीयों के उपस्थिति में तय हुआ और सभी पंचायत प्रभरी अपने अपने पंचायत की स्वतंत्र रूप से प्रभार स्वीकार किया।
मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह अनगड़ा प्रखण्ड़ प्रभारी मनीष नाथ जी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव,महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी,केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह,जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुण्डा,जिला सचिव अजित महतो,बीरबल बैठा, साहेब राम महतो,ज्योतिष महतो,मोहन महतो,प्रेम कुमार साहू,सुनील करमाली,उमेश महतो,महावीर महतो, किशुन महतो, अर्जुन राम, आसाराम महतो, पारसनाथ महतो, फलींद्र महतो,जगदीश महतो, उमेश ठाकुर, सविता महली, गणेश उरांव आदी उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खूंटी जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

# खराब प्रदर्शन व कार्य में लापरवाही करनेवाले होंगे इंसेंटिव से वंचित : के. रवि कुमार

- निर्वाचन की तैयारियों के साथ वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण का लिया जायजा
- इस बार लोकसभा चुनाव में लगे बीएलओ को इन्सेंटिव का है प्रावधान
- चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर जतायी नाराजगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक सम्पन्न एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वहीं, कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है। लेकिन, खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतनेवाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जायेगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही, उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ से मुलाकात की एवं लोकसभा निर्वाचन से सम्बन्धित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इसके अलावा उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट/शिफ्टेड/डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने 03 मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही, बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने को कहा। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी जिले के कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।



# 70 हजार 291 बच्चों और अभिवावकों ने ली मतदाता जागरूकता शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया वहीं सभी मतदाओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### दुनिया में क्या हम बड़ा बंगला बनाने आये हैं या बैंक बैलेंस बढ़ाने आये हैं : श्याम माधव सुंदर प्रभु

**खूंटी :** श्याम माधव सुंदर प्रभु ने कहा कि बहुत जन्मों के बाद हम मानव जन्म में आये हैं, क्या बड़ा बंगला बनाने आए हैं? या बैंक बैलेंस बढ़ाने आए हैं? बड़ा आदमी बनने आए हैं? नहीं हम भक्ति करने आए हैं। जो सरकार के नियमों को नहीं मानता, उसकी जगह जेल में होती है इसी तरह जो भगवान के नियमों को नहीं मानता उसकी जगह भौतिक जेल मानी गई है। जेल में रहते हुए वहीं मानव मुक्त है जो भक्ति करता है। हरे कृष्ण मंदिर खूंटी के तत्वावधान में खूंटी केंद्र में प्रवास काल में पहुंचे श्याम माधव सुंदर प्रभुजी ने मंगलवार को गोविंदपुर शाखा मैदान में प्रवचन कर रहे थे। दृढ़ता से लगने के लिए हमें पाप समाप्त करने होंगे और भगवान के लिए प्रेम पूर्वक जीवन व्यतीत करना होगा।

## अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

# वोट ही तय करता है देश का भविष्य : विवेक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत नाटक और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने वोट की ताकत पर चर्चा की। इसके बाद बच्चों के लिए मतदान प्रक्रिया का आयोजन हुआ। जिसमें अपने नाम की पर्ची के साथ मतदान कर अंगुली पर स्याही लगवाते हुए बच्चों वोट डालने की खुशी को महसूस किया। साथ ही सभी मतदाताओं से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 20 मई को अनिवार्य रूप से अपने बूथ पर जाकर मतदान करने का संदेश दिया। बच्चों ने वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है का नारा बुलंद करते घर पर माता-पिता समेत परिवार के अन्य लोगों और पड़ोसियों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा बच्चों के बीच आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने वोट का महत्व को समझाते हुए वोट को राज्य और देश की तरक्की का माध्यम बताया। प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना बेहद जरूरी है। हम अपने परिजनों और परिचितों को संदेश दें कि वह 20 मई को अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर अपना वोट अवश्य डालें। हम छात्र हैं, भले ही हमारी उम्र अभी वोट करने की नहीं हुई हो, लेकिन कम से कम हम दूसरों को इसके लिए प्रेरित अवश्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कम वोट प्रतिशत चिंता का विषय है। हमारा वोट ही है जो हमारे राज्य और देश का भविष्य बना या बिगाड़ सकता है। नागरिकों का सबसे बड़ा हथियार उनका वोट ही है। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति कुमारी, दिव्या केशरी, रीता राय, सीमा लकड़ा का योगदान रहा।

## एनटीपीसी के अधिकारियों ने डीएवी की स्तुति को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** जेईई मेंस में 99.2 प्रसेंटाईल प्राप्त करने वाली डीएवी पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा स्तुति रानी को एनटीपीसी पतरातू के सीईओ आरके सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इनके साथ एनटीपीसी के एचआर हेड नीरज राय ने भी स्तुति को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने अधिकारियों के स्कूल आगमन पर पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया। स्कूल की छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र के साथ स्वागत गान प्रस्तुत कर अधिकारियों का अभिनंदन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पतरातु जैसे छोटे से जगह से डीएवी स्कूल की बच्चों की इतना अच्छा रिजल्ट सराहनीय है।

## नवयुग सृजन साधना अभियान में जुड़े नन्हें किशोर किशोरी साधक : शिष्य गण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शांतिकुंज तीर्थ के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में ZOOM IZY Online माध्यम से 30 अप्रेल 2021 से प्रारंभ हुई सामूहिक नवयुग सृजन साधना ने सफलता पूर्वक नियमितता एवं निरंतरता के साथ 30अप्रैल वर्ष 2024 को 3 वर्ष सफलता व सोल्लास पूर्ण किये। नित्य सायं 8 से 9 बजे सीधा शान्तिकुञ्ज मार्गदर्शन में संचालित होने वाली सामूहिक स्वाध्याय साधना से भारत से ही नहीं, देश-विदेश से कई परिजन जुड़ करके online के माध्यम से इस क्रम को पुरे भाव के साथ करते हैं।
विशेष बात यह है कि इस सामूहिक साधना में वरिष्ठ साधक परिजनों से भी अधिक संख्या बच्चों की है , जिन्होंने इस वर्ष 2024 की चैत्र नवरात्रि में 5000 से भी अधिक संख्या में एक साथ मिल कर सामूहिक गायत्री मंत्र-जप व लेखन से अनुष्ठान संपन्न किया, अपने कार्य स्वयं किये तथा घर का बना भोजन ग्रहण कर संयम की साधना भी की। ये नन्हें बच्चे, किशोर, किशोरी व युवा युगऋषि के सद्विचारों एवं पर्व-संदेशों एवं प्रज्ञा गीतों को छोटे-छोटे वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से जमकर अद्भुद क्रांति करने में लगे हुए हैं। उनका प्रकृति संवर्धन से जुड़ा सभी का यह अनिवार्य संकल्प है, जिसमें घर में आने वाले गुठली वाले फलों के सभी गुठलियों को इकट्ठा कर मानसून आने पर उसकी पौध तैयार की जाती है एवं उन पौधों को उपयुक्त सुरक्षित स्थान पर आरोपित किया जाता हैं। इसे गुठली बीज संरक्षण अभियान कहा गया।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग के दो परीक्षार्थियों घोषित आईएससी रिजल्ट में टॉप टेन में जगह बनायी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग के दो परीक्षार्थी घोषित आईएससी रिजल्ट में टॉप टेन में जगह बनायी है, छात्रा अंबिका कुमारी व दीपक कुमार महतो ने 469 अंक लाया है इनको टॉप टेन में संयुक्त रूप से 10 वां स्थान पाया है। प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी रवि ने बताया कि विद्यालय से कुल 501 परीक्षार्थी तीनों संकाय शामिल हुये थे। आईएससी में 78 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 18 अनुत्तीर्ण रहे। कामर्स में 45 व कला में 378 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। इंटर आर्ट्स के घोषित परिणामों में में एसएस प्लस टू स्कूल चिलदाग का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा। आरती कुमारी ने सर्वाधिक 420 अंक, अंजली कुमारी ने 413 व ममता कुमारी ने 412 अंक प्राप्त किया। ये सभी विद्यालय की टॉपर बनी। इधर प्रोजेक्ट प्लस टू स्कूल जोन्हा में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा. कुल 158 परीक्षार्थी में से 117 प्रथम श्रेणी, 37 द्वितीय व 2 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त किया। विपत्तिकुमारी व नेहा कुमारी ने 402 अंक लाकर संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर बनी है, वहीं दीपिका कुमारी ने 397 व स्वाति कुमारी ने 396 अंक प्राप्त किया है। मां शारदा इंटरमीडिएट कॉलेज गेतलसूद का इंटर आर्ट्स रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। ममता कुमारी 72 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज टॉपर बनी है। वहीं नीरज पाहन 70 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व मुकेश करमाली 67 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कुल 10 विद्यार्थियों में आठ छात्र प्रथम व दो द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण हुए है। कॉलेज के प्राचार्य संतोष सिन्हा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को उनको सफलता पर बधाई दी है।

# यशस्विनी के सौम्य व सरल स्वभाव से प्रभावित हो रहे रांची के लोग

- युवा वर्ग की चहेती बनती जा रही हैं कांग्रेसी प्रत्याशी

**एहसान राजा**

**ओरमांझी :** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के सौम्य व सरल स्वभाव से रांची के लोग प्रभावित हो रहे हैं । वे रांची के प्रत्येक वर्ग के साथ मेलजोल कर संवाद स्थापित कर रही हैं साथ ही साथ लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील भी कर रही हैं। खास कर युवा वर्ग की चहेती बनती जा रही हैं कांग्रेसी प्रत्याशी। सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि रांची में एक व्यापक बदलाव लाने और जनकल्याण के लिए लोगों से मतदान करने की अपील कर रही हैं। उनकी अपील में एक जोश और जुनून का समावेश है। बोलचार में कोई द्वेष की भावना नहीं बल्कि चहुमुंखी विकास की कामना है। जहां बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं, बुद्धिजीवी वर्गों के साथ संवाद स्थापित कर रही हैं, वहीं युवाओं एवं महिलाओं में आगे बढ़ने का जज्बा जगा रही हैं। पिता से राजनीतिक विरासत मिलने के कारण वह सामाजिक क्षेत्र में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। राजनीति की पहिया को कैसे घुमाना है, इससे वे अनभिज्ञ भी नहीं हैं। झारखंड की राजधानी रांची के सियासी गलियारों में यशस्विनी सहाय आते ही छा गई हैं। पोस्को एक्ट की जानकारी रखने वाली विधि की छात्रा रही यशस्विनी युवाओं के लिए अवसर के द्वार खोलना चाहती हैं। अपनी सांस्कृतिक विरासत की मूल्य को स्थापित करना चाहती हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र के लोगों की आशा और विश्वास पर खरा उतरना यशस्विनी सहाय आज के समय की मांग है।रांची लोक सभा क्षेत्र के अधिकांश लोगो का यह मानना है की उनकी बिजय पक्की है।



# बेड़ो व टेरो प्लस टू विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने लहराया परचम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा जारी किए गए 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो व टेरो के छात्र व छात्राओं ने परचम लहराया है। विद्यालय के अच्छे प्रदर्शन से छात्रों व उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है। जहां प्लस टू बेड़ो से विज्ञान संकाय में आदित्य राज 87% अमीषा कुमारी 86% और सोमनाथ उरांव 83% वाणिज्य संकाय में मंजू कुमारी 79% ,प्रिया सिंह 76% और दीपाली केरकेट्टा 74% कला संकाय से संदेश कुमार 86% अल्बिस कुजूर 81% और उन्नती कुमारी 80% वही प्लस टू टेरो से कला संकाय में उमेश महतो 78% विष्णु कुमार साहू 73% व प्रकाश उरांव 69% वाणिज्य में निखिल गोप 71% व गौरव पाठक 69% लाकर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिन्हें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज व कलावती कुमारी शिक्षक अक्षय दुबे और शिक्षक व शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। हम आशा करते हैं कि ये बच्चे भविष्य में अपने समाज तथा देश के लिए अच्छा करेंगे। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# भुरकुंडा में जल संसाधन विभाग का किया घेराव

- जवाहनगर सहित पानी की किल्लत, लोग परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भुरकुंडा कोयलांचल के जवाहनगर में लोग पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। समस्या को लेकर बुधवार की सुबह समाजसेवी मुकेश राउत के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सीसीएल की भुरकुंडा परियोजना स्थित जल संसाधन विभाग का घेराव किया। इस दौरान विभाग के प्रति रोष प्रकट करते हुए पानी की नियमित आपूर्ति की मांग की गई। वहीं मामले को लेकर इंजीनियर (इएंडएम) ने स्थानीय लोगों की समस्या सुनी और पहल करने का आश्वासन दिया। मामले पर मुकेश राउत ने कहा कि जवाहनगर और आसपास 15 दिनों से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। क्वायरी में एक ही मोटर से भुरकुंडा और रिवर साइड में पानी की सप्लाई हो रही है। मैन पावर होने के बावजूद संसाधन के अभाव में पानी आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। कहा कि इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ ने 25 मई तक नया मोटर लगाए जाने का आश्वासन दिया है। 25 मई तक पहल नहीं होती है तो लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं स्थानीय श्रीनवास अग्रवाल ने कहा कि जवाहर नगर में पानी के समस्या बढ़ती जा रही है। 10 - 15 दिनों एकाध घंटे के लिए ही पानी की सप्लाई की जाती है। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। घेराव करनेवालों में डीके पंडित, अमित साव, चंद्र मणि, शत्रुघ्न साव, रिंकू राम, दिलीप, बंटी, ओम, राजन राय, विजय गोस्वामी, विशाल, मनोज, अवधेश रोहित पटेल, राजू, विनोद, सोनू, हर्ष, समेत कई शामिल थे।

## एजुकेशन फेयर का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को गुरुकुल शिक्षा द्वारा होटल फ्रंल्लीं६ में एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन किया गया। इसमें लगभग देश के 25+ कॉलेज और यूनिवर्सिटीज ने भाग लिया जिसमें Dr के एन मोदी यूनिवर्सिटी, quantum यूनिवर्सिटी, राम गोविंद ग्रुप, सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी,निप्स रांची, एसपीएसयू उदयपुर, अमृतसर ग्रुप ऑफ एजुकेशन, गुलजार ग्रुप ऑफ एजुकेशन, sunstone, मानव रचना, एमिटी यूनिवर्सिटी रांची, lexicon mile, केजरीवाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, RIT रुड़की, ईस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बैंगलोर, बड्डी यूनिवर्सिटी राजस्थान, संदीप यूनिवर्सिटी नासिक,आदि कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी से आए हुए रिप्रेजेंटेटिव ने बच्चों को अपने कोर्सेज और प्लेसमेंट सभी तरह की जानकारी दी। कॉलेजओ के द्वारा छात्रों को उनके करियर से संबंधित सारी जानकारी दी गई और वह क्या करें कैसे उनका भविष्य उज्जवल होगा वह कौन से कोर्स का चयन करें उसके लिए क्या-क्या प्रक्रिया है आदि सभी प्रकार की जानकारी छात्रों को दी गई।

## एक झलक

### बादम-राउतपारा से डंप किया गया 34 टन कोयला जब्त

**बड़कागांव** : बड़कागांव वन अधिसूचित क्षेत्र बड़कागांव थाना अंतर्गत राउतपारा से वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला खदान से खनन कर डंप किया गया लगभग 34 टन कोयला जब्त किया गया। जप्त कोयले को 17 ट्रैक्टर के माध्यम से बड़कागांव वन विश्रामगार लाया गया। छापामारी का नेतृत्व हजारीबाग क्षेत्रीय वन अधिकारी एके परमार एवं बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

### दो कार्यकर्ताओं की सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने की सूचना जारी की

**विष्णुगढ़** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पार्टी के दो कार्यकर्ताओं की सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने की सूचना जारी की है। विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी के आदेशानुसार झामुमो पार्टी के विरुद्ध गतिविधियों को देखते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील अकेला एवं बीस सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव को पार्टी की सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। ज्ञात हो कि उक्त दोनों कार्यकर्ताओं ने 28 अप्रैल के झामुमो को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।

### प्रखंड के चानो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत पंचायत चानो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को 20 मई को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर पहले मतदान फिर जलपान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान विष्णुगढ़ श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि डुमरचंद महतो, रतन पटेल, भीम महतो, पवन कुमार, मधुसूदन महतो, करण कुमार, जागेश्वर पटेल, समेत कई किसान मित्र मौजूद रहे।

### हजारीबाग जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता के चुनावी कार्यालय का विधिवत फीता काट कर किया गया उद्घाटन

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग अखाड़ा चौक के समीप जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) का हजारीबाग जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता के नामांकन के कूच से पूर्व चुनावी कार्यालय का विष्णुगढ़ उपप्रमुख सह लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव, भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, जोबर मुखिया चेतलाल महतो, पूर्व विष्णुगढ़ जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, समाजसेवी प्रेमचंद महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मंगलवार को उद्घाटन किया। हजारीबाग नामांकन के लिए जाने को लेकर जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। नामांकन में करीब विष्णुगढ़ प्रखण्ड से करीब 50 - 60 गाड़ियों का काफिला था। हजारीबाग कूच के दौरान जयराम महतो जिन्दाबाद, जेएलकेएम जिन्दाबाद, संजय मेहता जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए नामांकन को रवाना हुए। कार्यालय उद्घाटन के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी के लिए कुछ लोगो द्वारा भ्रम फैलाया जा है, उस भ्रम में ना पड़े। विरोधियों द्वारा हमलोगों को कमजोर करने भरसक प्रयास करने को लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। इससे हम-सब को सतर्क रहने की जरूरत है। जयराम महतो सभी तबकों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते है। उनकी लड़ाई झारखण्ड वासियों के हक-अधिकार की है। हमसभी ये संकल्प लें हम अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करते हुए संजय मेहता की जीत सुनिश्चित करें। हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव ने कहा कि राजनीतिक लाभ की खातिर जेएलकेएम को एक तबके के तमगा लगाया जा रहा है। परन्तु यह सच नही मैं तेली समाज से आता हूं, जयराम महतो जाति की नही जमात और झारखण्ड के अस्मिता की बात करते है।

# हजारीबाग की रीतिका इंटर साइंस की परीक्षा में हुई सेकेण्ड स्टेट टॉपर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया है हजारीबाग की बेटी रीतिका ने साइंस इन्टर मे पूरे राज्य भर में दूसरा स्थान लाकर जिले का नाम रौशन किया है। रीतिका कुमारी ने 482 अंक प्राप्त किया जो इंटर साइंस कॉलेज की छात्रा हैं। रीतिका ने इंजीनियर बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बताते चले की ग्रामीण इलाके में प्रतिभा की कमी नहीं है इस बात का लोहा रितिका ने मनवाया है। हजारीबाग के सुदूरवर्ती क्षेत्र कटकमदाग प्रखंड के सुल्ताना गांव की रहने वाली रितिका ने जिसने पूरे राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। रीतिका



हजारीबाग इंटर साइंस कॉलेज की छात्रा हैं। जिसने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित परीक्षा में यह गौरव प्राप्त किया है। रीतिका बताती है कि वो दिन भर में 8 घंटे बड़े मेहनत के साथ पढती थी। यह लक्ष्य बनाया था कि इस बार पूरे राज्य भर में टॉप करना है। उसकी आर्थिक स्थिति भी बेहद खराब थी। ऐसे में ट्यूशन पढ़ाकर अपना पढ़ाई लिखाई का खर्चा भी निकालती थी। आज पूरा परिवार उस पर गर्व कर रहा है कि उसने अपना डंका पूरे राज्य भर में बजवाया है। रितिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि मेहनत लगन से किया जाए तो कामयाबी भी कदम चूमती है। कामयाबी हासिल करने में पैसा रुकावट नहीं बनता। वहीं, रीतिका की मां पिंकी देवी बताती हैं कि घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी लेकिन बेटी ने कभी हार नहीं मानी दिन रात मेहनत करने का ही परिणाम है कि आज पूरे राज्य भर में दूसरा स्थान प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि रात दिन वो मेहनत करती थी समय निकालकर ट्यूशन भी पढ़ाती थी। ट्यूशन पढ़ाने से उसे दोहरा लाभ मिला पहला तो पैसा कमा ली और बच्चो को पढ़ने से उसके व्यक्तित्व भी निखार आया हैं।

## जी .एम .इंटर महाविद्यालय, इचाक में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में शानदार प्रदर्शन



**ईचाक** : झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का परिणाम जारी किया गया, जिसमें जी एम इंटर महाविद्यालय की इचाक का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जिसमें पूजा कुमारी 406 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर रही।, राहुल कुमार 379, अमर कुमार 379 अंक लाकर सेकेंड टॉपर रहे। वही कला संकाय में महाविद्यालय का 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कला संकाय में 606 विद्यार्थियों में से 360 प्रथम श्रेणी एवं 223 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय से छात्रा पल्लवी कुमारी 409 अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर बनी। 405 अंक लाकर अमन कुमार सेकंड टॉपर और 404 अंक लाकर साक्षी राणा थर्ड टॉपर रही, उसके बाद क्रमशः नितेश कुमार 400 अंक, रानी कुमारी 388, अंक लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में महाविद्यालय का 82 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमें अमन कुमार 443 प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिया कुमारी 426, जिया वर्मा 417 तृतीय एवं राजेश कुमार 412 अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं खुशी व्याप्त हो गई है, प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सचिव विनय कुमार ने अपने मेहनती शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सही मार्गदर्शन के बदौलत आज महाविद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है और आगे भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपना परचम लहराते रहेंगे। छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय हर प्रकार की उचित सुविधा देती रही है और देती रहेगी। विदित हो की विगत 15 वर्षों से जी एम इंटर महाविद्यालय कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है जिसके बदौलत यहां के छात्र-छात्राएं सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में नौकरी पाकर अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से दमखम से चुनाव लड़ेगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग मे महत्वपूर्ण बैठक डॉक्टर मिथिलेश दागी की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षक मौजूद थे, नेताओं ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा के चुनाव दमखम के साथ लड़ेगी, 1977 से हजारीबाग लोकसभा के चुनाव लड़ रही है, जिसमें दो बार कद्दावर नेता भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दिया, कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा की सीट चालीस बरसों मेनहीं जीत पाई है, फिर भी जीच में कांग्रेस इस सीट पर नया उम्मीदवार उतारा है। भाजपा एवं कांग्रेस दोनों का उम्मीदवार



बीजेपी का ही उम्मीदवार है, इसीलिए हजारीबाग की जनता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार और अधिक वोटो से जीताकर लोकसभा भेजेगी भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को हराने की मादा रखती है, इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हजारीबाग से उम्मीदवार देकर एक नये समीकरण का जन्म दिया है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा, साथियों ने अनिरुद्ध कुमार को फूल माला से लदकर जोरदार स्वागत किया एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव ने पार्टी की चुनाव चिन्ह सिंबल देकर अनिरुद्ध कुमार पर विश्वास जताया, बैठक में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता पूर्व सांसद हजारीबाग, भारतीय कम्युनिस्ट पीके पांडे, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राज्य परिषद के अजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार मेहता मंजू गौतम मजीद अंसारी प्रोफेसर अनवर निजाम अंसारी महेंद्र राम उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार नीमन यादव मेवा लाल प्रसाद मंजू गौतम साबिर अंसारी रामकुमार साहू श्रीकांत मेहता चिंतामणि महतो मुरलीधर डांगी शहीद कई लोग मौजूद थे।

### गठबंधन धर्म का मजबूती से पालन होगा: संदीप कुशवाहा

**बड़कागांव** : एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के 1 मई नामांकन में आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी ने प्रत्येक पंचायत से उपस्थित होने के लिए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर आजसू पार्टी के प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुचट्टी स्थित आवासीय कार्यलय में किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। साथ ही सख्त निर्देश दिया गया की दिनांक 1 मई दिन बुधवार को सुबह 9:30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान मे अपने-अपने गाड़ी मे आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होना है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, तुलेश्वर राम, सुरेश महतो, अजय कुमार, मनोज कुमार, गणपति साहू, प्रमोद महतो, सुनील कुमार, दिलीप महतो, रंजीत महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग इस बार राजनीतिक उलगुलान के लिए तैयार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज अपना नामांकन पर्चा 1 मई 2024 दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद समाहरणालय भवन से समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में जिला स्कूल मैदान पहुंच कर जनसभा करेंगे। जनसभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई विधायक एवं पूर्व विधायक शिरकत करेंगे।

**इंडिया अलायन्स के हजारों कार्यकर्ताओं की लगेगी भीड़**

नामांकन रैली और जनसभा को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में उत्साह चर्म पर है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए हैं। कांग्रेस समेत इंडिया अलायन्स के सभी दलों से मिलाकर हजारों कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारी संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ेगा। नामांकन रैली से पहले जेपी भाई पटेल ने कहा कि झारखंडवासियों के खून में उलगुलान है। यहां के लोगों ने ही सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ टेकलाल बाबू ने लड़ाई लड़ी थी। झारखण्ड आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए राज्यसभा में अलग राज्य का बिल पास कराया था। आगे कहा, जिस मकसद के साथ झारखंड को हमने लड़कर अलग कराया था, आज केंद्र की भाजपा सरकार उसे पूरा नहीं होने दे रही। यहां के जल जंगलों को पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। सरना धर्म कोड को मोदी सरकार मंजूरी नहीं दे रही। खातियानी नियोजन नीति को भाजपा के इशारे पर रोक दिया गया मगर अब वक्त आ गया है उलगुलान करने का। हजारीबाग के मतदाता इस बार कांग्रेस को वोट कर के राजनीतिक उलगुलान करेंगे। इस वर्ष हजारीबाग टेकलाल बाबू द्वारा देखा गया स्थानीय सांसद का सपना पूरा कर इतिहास लिखने जा रहा है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मेंहदी व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शबा परवीन, कुमारी सीमा व स्वाति भार्गव बतौर निर्णायक मंडली मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जायेगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बताते चलें कि मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में नेहा कुमारी, तन्नू श्री, पल्लवी, निशि, निधि, रिया, पलक, नूरी, रेणू व अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में आनंद, अर्पित, पूनम, रवि, अन्नु, लक्ष्मी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## जयप्रकाश भाई पटेल को मिल रहा है अपार समर्थन : अंबा प्रसाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़कागांव झारखंड कॉलेज में कोर कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस कमेटी की बैठक में महागठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में प्रखंड क्षेत्र के सभी हिस्सों से शामिल होने को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को पूरा हजारीबाग लोकसभा में आपार जन समर्थन मिल रहा है, आने वाले दिनों में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार करने का कार्य किया जायेगा, गांव में डोर टू डोर प्रचार प्रसार होगी। वहीं इस दौरान दिन बुधवार को जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन



में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर सहमति बनी। विधायक ने हर गांव एवं टोला से नामांकन में शामिल होने की अपील की। अंबा प्रसाद द्वारा इस दौरान लोकसभा चुनाव के मदेनजर प्रखंड में कोर कमेटी का गठन करते हुए कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, त्रिलोकी साव, कामेश्वर सिंह, रमेश सिंह भोक्ता, दिनेश प्रसाद, परमेश्वर महतो, लालू यादव, गिरधारी प्रजापति, सुरेश चौधरी, श्याम भार्गव, ननकू राम, सिद्धार्थ कुमार, बालेश्वर महतो, टुकन कुमार साव, चंद्रिका प्रसाद, मोहम्मद तसलीम, सुरेश महतो, गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, दशरथ प्रसाद, बबलू कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने भरा नामांकन पर्चा, समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**हजारीबाग** : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हजारीबाग के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन करवाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नामांकन करवाने वालो में एक बड़ा नाम जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता का रहा। संजय मेहता के नामांकन कार्यक्रम की रैली मटवारी गांधी मैदान से निकली और हजारीबाग समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंची। रैली में झारखंडी योद्धा जयराम महतो समेत हजारों की संख्या में झारखंडी क्रांतिकारी व समर्थक दिखें। इस बीच संजय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए।नामांकन के दौरान 40 डिग्री तापमान और चिलचिलाती धूप में हजारों समर्थकों ने यह संदेश दिया है कि हजारीबाग की जनता परिवर्तन के मूड में है।इस



बार जनता उसे ही वोट करेगी जो झारखंडी मुद्दों की आवाज उठाता है। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, विस्थापन और सामाजिक न्याय की बात करता है। अपने समर्थकों के बीच संजय मेहता ने नामांकन पश्चात हजारीबाग लोकसभा के लिए विकास के नए कृतिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। जिस तरह पिछले 3 वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हमलोगों ने जनता की आवाज बुलंद किया है। आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियत कि आवाज बुलंद करता रहूंगा।

## हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड में आयोजित होगी नामांकन सह आशीर्वाद सभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित भाजपा पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस-वार्ता का आयोजन किया। उक्त प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया की हमारे नामांकन के गौरवपूर्ण क्षण में हमारे साथ विशेष रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के




प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, जदयू नेता सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, आजसू पार्टी के सुप्रीमों सुदेश महतो, आजसू नेता सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक बिरंची नारायण, विधायक राज सिन्हा, विधायक नीरा यादव, विधायक समरी लाल, विधायक किसुन दास, आलोक चौरसिया, विधायक अमित मंडल समेत एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू, और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कई प्रदेश यूनिट और स्थानीय स्तर के कई दिग्गत नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हजारीबाग के ऐतिहासिक हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) परिसर में नामांकन-सह- आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा।

### विधायक रोपना उरांव की मूर्ति लगाने की घोषणा की

**गुमला** : जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने हाल ही में सरना आदिवासी जागृति के प्रति योगदान की मान्यता में, क्षेत्र में पहले जनसंघ से पहले विधायक एवं क्षेत्र के अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति रोपना उरांव की एक मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। रोपना उरांव के काम की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई है और इसे सरना जनजाति के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। रोपना उरांव गुमला से विधायक भी रहे हैं। यह प्रतिमा तब की जनसंघ और अब की भाजपा दोनों के लिए महत्वपूर्ण महत्व रखती है, क्योंकि यह आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण और प्रचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## 'कौन विधायक बनेगा सांसद' को लेकर हजारीबाग में आज होगा शक्ति प्रदर्शन

**विवेक सिंह**

**हजारीबाग** : हजारीबाग का चुनाव धीरे धीरे दिलचस्प होता जा रहा है। मुख्य रूप से यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच में घूमता दिख रहा है। ऐसे में दोनों पार्टी ने जोर लगा दी है। एक मई मजदूर दिवस के दिन दोनों उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे और इसे लेकर हजारीबाग में दिखेगा शक्ति प्रदर्शन। बताते चले कि हजारीबाग में एक मई (बुधवार) को दो पार्टी अपना अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस की ओर से जयप्रकाश भाई पटेल चुनावी दंगल में है जो वर्तमान में मांडू से विधायक भी है। जिन्होंने भाजपा से अपना रिश्ता तोड़ते हुए कांग्रेस का दामन थामा है। जय प्रकाश भाई पटेल नॉमिनेशन के दौरान अपना शक्ति प्रदर्शन भी हजारीबाग में करने जा रहे हैं। इस शक्ति प्रदर्शन में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन समेत कई मंत्री हजारीबाग पहुंचने वाले हैं यही नहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेता नोमिनेशन के दौरान उपस्थित रहेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद जिला स्कूल के मैदान में सभा को संबोधित किया जायेगा। जयप्रकाश भाई पटेल का कहना है कि यह कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं होगा बल्कि समर्थक जो हैं वो इस दौरान एकजुटता का परिचय देंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित भाजपा पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, समेत एक दर्जन से अधिक गठबंधन के नेता उपस्थित होंगे। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया कि नामांकन दाखिल करने से पहले कर्जन ग्राउंड में नामांकन-सह-आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा।

## विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का इंटर के तीनों संकाय में शानदार प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल के वर्ष 2024 का इंटर का परिणाम 30 अप्रैल दिन मंगलवार को घोषित कर दिया गया। इसमें जैक इंटर की परीक्षा में विष्णुगढ़ के विद्यार्थियों का इस वर्ष उत्तीर्ण प्रदर्शन शानदार रहा। विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर के तिनों संकाय में शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में 76% विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 8% विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित किया। जिसमें 93% प्रथम



श्रेणी व 7% द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, वहीं कला संकाय में प्रथम श्रेणी में 21% व द्वितीय श्रेणी में 71% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। महाविद्यालय के सफल विद्यार्थियों का इस वर्ष पुर्ण प्रतिशत 92% रहा। विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय से विज्ञान में अमित कुमार ने 446 अंक, वाणिज्य में गोल्डी कुमारी ने 436 अंक एवं कला में पियूष कुमार सिन्हा ने 417 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान में जगह बनाई। वहीं, अमित कुमार 446, नीरज कुमार 439, निरंजन कुमार पटेल 437,अंशु कुमारी 436, खुस्तर राजा 435, अमित कुमार 433, सिमरन यादव 432, शुभम प्रजापति 431, शिवम कुमार 427, अमरदेव कुमार 421 अंक प्राप्त कर 10 टॉप टेन में जगह बनाई।

### एपेक्स कॉमर्स अकादमी के छात्रों ने जेएसी बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ सातमाइल मोड़ के पास स्थित कोचिंग सेंटर एपेक्स कॉमर्स अकादमी के छात्रों ने जेएसी बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा गोल्डी कुमारी ने 436/500 जो उन्हें पहले स्थान पर ला रहे हैं। प्रियांशु कुमार 408, राहुल कुमार 383, सहदेव कुमार 382, सुभम कुमार 369, मनोहर कुमार 340, मधु कुमारी 330, संदीप कुमार 318, अंक प्राप्त किए हैं। एपेक्स कॉमर्स अकादमी के संचालक विकास कुमार ने कहा कि इस सफलता के साथ, अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अकादमी ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया है। जो उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व में सुदृढ़ किया है। छात्रों की मेहनत और निष्ठा का परिणाम है कि उन्होंने अपनी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की है। एपेक्स कॉमर्स अकादमी ने समाज में नई मिसाल स्थापित की है। जो शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रदर्शन करती है। उन्हें मेरे ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।

## बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**बड़कागांव** : बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। विद्यालय से इंटरमीडिएट में कुल 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं दो छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी पिता राकेश कुमार 423 अंक 84.6 प्रतिशत लाकर टॉपर रही। जबकि द्वितीय टॉपर नेहा कुमारी पिता शेखर प्रसाद 412 अंक 83.4 प्रतिशत, तृतीय टॉपर टिंकल कुमारी पिता पंचेश्वर साव 401 अंक 80.2 प्रतिशत लाई है। वहीं किरण कुमारी पिता नरसिंह




महतो 499 अंक 79.8 प्रतिशत, काजल कुमारी पिता राजू साव 397 अंक 79.4 प्रतिशत, प्रीति कुमारी पिता चरण महतो 395 अंक 79 प्रतिशत, किरण कुमारी पिता लालमोहन तिवारी 394 अंक 78.8 प्रतिशत, चंचल कुमारी पिता स्वर्गीय नकुल महतो 390 अंक 78 प्रतिशत, प्रिया कुमारी पिता जगन्नाथ बेदिया 387 और 77.4 प्रतिशत एवं पुष्पांजलि कुमारी पिता बजरंग साहू 383 अंक 76.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉप 10 में जगह बनाई है।

## एक झलक

### जैक इंटर की परीक्षा के विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकाय में छात्राओं ने लहराया परचम

**सिन्दरी (धनबाद):** एसपीएम इंटर कॉलेज के जैक इंटर के तीनो संकाय मे छात्राओ ने टापर बनकर परचम लहराया है। जैक के विज्ञान में प्रिया कुमारी साव 444 अंक प्राप्त कर टापर बनी है। कला में कुमारी गौरी 402 अंक प्राप्त कर टापर बनी है, जबकि वाणिज्य में अंजली वर्मा 381 अंक प्राप्त कर टापर बनी है। प्राचार्य डॉ. जेके बनर्जी ने इन छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बीसीसीएल जॉन के उपाध्यक्ष राम आशीष यादव ने ढुल्लू महतो को वोट देने की अपील की

**बाघमारा (धनबाद):** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन बीसीसीएल जॉन के उपाध्यक्ष रामाशीष यादव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हमारे कॉल यूनियन के केंद्रीय महामंत्री बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो को इस बार अपना आशीर्वाद देने का काम करें, जिससे वह दिल्ली पहुंचे और तमाम कोल कंपनी बीसीसीएल, सीसीएल एवं अन्य कंपनी में मनमानी को खत्म करने का कार्य करेंगे। कहा कि सभी क्षेत्रों में अपना योगदान देंगे, इसलिए मैं अपने और अपने हित के मित्र के तरफ से सभी धनबाद वाशियो को धन्यवाद देते हुए और अपील करता हूं कि गरीब के बेटा को मौका दें कर दिल्ली भेजने का काम करें। मदर टेरेसा एकाडमी के छात्र छात्राओं ने पॉलिटेक्निक एंट्रेंस में किया उम्दा प्रदर्शन

### सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**बाघमारा (धनबाद):** मदर टैरेसा अकादमी झींझी पहाड़ी के छात्र-छात्राओं ने पॉलिटेक्निक एंट्रेंस कंपटीशन में उम्दा प्रदर्शन किया है। परिवार सहित विद्यालय का नाम रोशन करने का काम किया है। विद्यालय के छात्र सुजल कुमार महतो ने राज्य भर में 82 रेंक प्राप्त किया है, जबकि आदर्श कुमार महतो ने 236 रैंक व मोहित कुमार महतो ने 1162 रैंक प्राप्त किया। इसके अलावे प्रिंस कुमार दास, परी कुमारी, रोहन रवानी, कृष्णा महतो ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं की सफलता पर विद्यालय निदेशक सह मुखिया प्रतिनिधि गणेश महतो के नेतृत्व में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निर्देश व प्राचार्य समीर कुमार महतो ने सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं विधालय के शिक्षक अमित, सुजीत, कमल जी, दिलीप सर, शिक्षिका प्रीति कुमारी, सुनिता कुमारी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में किया जोरदार स्वागत

**धनबाद :** भाजपा के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद रोड शो के दरमियान भाजपा कार्यकर्ता संघ ठाकुर कुल्ही एवं राहरगोरा निवासियों ने चंचनी मोड़, धैया रोड पर माननीय सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो का भव्य स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बरटांड मंडल उपाध्यक्ष मनोज सिंह के द्वारा किया गया। इस स्वागत समारोह में अजीत पोद्दार, अजय चौबे, मदन मोहन सिंह, सत्यम सिंह, भोलानाथ पांडे, निमाई दा,संतोष रजक, दुर्गा सिंह, रंजीत जायसवाल, अप्पू चौरसिया, अनिल सिंह, गणेश सिंह, विक्रम, कार्तिक, सन्नी, टीटू, प्रकाश चौहान, मोहन, सुभम, जीतू राणा, रीता देवी, वीना देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू कुमारी, मीनू विश्वकर्मा एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### साड़ी के सहारे पंखे में झूल कर फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला :** गुमला शहर से सटे चेटर टुकु टोली निवासी 59 वर्षीय कुबार्नूस बाड़ा ने रविवार की रात अपने घर में साड़ी के सहारे पंखे में झूल कर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार व्यक्ति रविवार की रात अपनी पत्नी और बेटी के साथ घर में खाना पीना खाया जिसके बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गए सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने किया आम जनता को संबोधित, कहा

# प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण देश का स्थान विश्व में उच्चतम शिखर पर पहुंचा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कोयलांचल की धरती धनबाद गोल्फ ग्राउंड में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे। वे एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे। उपस्थित चुनाव जन समुदाय को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि इस बार पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की लहर है। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में जो अपार जन समूह पहुंचा है उससे साबित हो चुका है कि श्री महतो की जीत सुनिश्चित है। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण देश का स्थान विश्व में उच्चतम शिखर पर पहुंचा है। व्यापार वाणिज्य उद्योग धंधा और विदेश नीति ने अपनी पूरे विश्व में पहचान बनाई है। श्री शर्मा ने

चुनाव

कांग्रेस और गठबंधन दलों को जमकर लताड़ा और कहा कि 2014 से पहले देश में इसी कांग्रेसी नीति सरकार ने भ्रष्टाचार की सीमाएं पार कर दी थी। 2014 से अब तक अब मोदी जी की सरकार है, इसमें भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने आम जनता का आह्वान भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजई बनाकर मोदी जी को हाथ को मजबूत बनाने के लिए किया।

वहीं, पत्रकारों से बात करते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार झारखंड से सभी 14 सीट एनडीए जीतेगी, इंडी गठबंधन पहले ही चुनाव में हार मान लिया है। सभा में एनडीए घटक दल के



सभी नेता गण मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड और धनबाद में लोग भय के माहौल में जी रहे है। हत्याएं और रंगदारी हो रही है। छह महीने बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएंगे तो रातों रात अपराधियों को झारखंड छोड़कर भागने के लिए बाध्य कर देंगे। सभा को संबोधित करते हुए आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो रहा है। विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कोई चेहरा तक नहीं है। सभा को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा की लोगों के हर सुख दुख में चट्टान की तरह भाजपा खड़ा रहेगा और भारतीय जनता पार्टी के विचारधाराओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका भाजपा के कार्यकताओं का रहेगा।

**रागिनी सिंह ने प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीत दिलाने का किया आवाहन**

**वहीं,** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन एवं गोल्फ ग्राउंड में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह अपने सैकड़ों समर्थको के साथ गोल्फ ग्राउंड पहुंची। जहा मंच पर अपने संबोधन में संसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जीत दिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथो को और मजबूत करने का आह्वाहन किया। इस दौरान मंच पर मुख्य रूप से राजस्थान के मुख्य मंत्री भजनलाल शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

सभा को धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के आजसू सांसद व प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, निरसा की विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, बोकारो के विधायक बिरंची नारायण, गोमिया के आजसू विधायक लंबोदर महतो, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, विनय सिंह, रागिनी सिंह, तारा देवी, सुरेश साहू, सत्येंद्र कुमार, गणेश मिश्रा, सरोज सिंह, ज्ञान रंजन सिन्हा, संजीव अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

# निर्वाचन व्यय व अनुवेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर व्यय प्रेक्षक ने की समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार 30 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त निर्वाचन व्यय एवं अनुवेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा हेतु न्यू टाउन हॉल धनबाद में व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल( आई.आर.एस) एवं आनंद कुमार( आई.आर.ए. एस) द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर





विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मेंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली।

व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल तथा निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें।

बैठक में व्यय प्रेक्षक कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, एमसीएमसी कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, एमसीसी कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद समेत सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, सभी अकाउंटिंग टीम, सभी एसएसटी, सभी एफएसटी, सभी एमसीएमसी कोषांग के सदस्य, सभी विविटी, सभी वीएसटी मौजूद रहे।

### कोडरमा से इंडिया गठबंधन के हजारो कार्यकर्ता-नेता नामांकन सभा में होंगे शामिल

**कोडरमा :** बुधवार को शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ लोकसभा चुनाव में भाकपा माले गिरिडीह से चुनावी बिगुल फूंकेगी। कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार और बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह गिरिडीह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन के बाद फुटबॉल मैदान, पपरवाटांड़, गिरिडीह में नामांकन सभा होगी। नामांकन सभा मे कोडरमा लोकसभा के कोडरमा, बगोदर, गांडेय, जमुआ, बरकट्ठा और राजधनवार विधानसभा से भारी संख्या में इंडिया गठबन्धन के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। इंडिया गठबंधन के कोडरमा जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि मजदूर दिवस पर इंडिया गठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी सह बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह नामांकन दाखिल करेंगे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया एसडीपीओ कार्यालय सिन्दरी का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** पुलिस उपमहानिरीक्षक कोयला क्षेत्र सुरेंद्र झा ने मंगलवार को अपराह्न काल में सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री झा को सलामी गारद द्वारा सलामी दी गई। सलामी गारद के अच्छे टर्न आउट से खुश होकर डीआईजी श्री झा ने जवानों को पुरस्कृत किया। तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सिंदरी का उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर, धनबाद भूपेंद्र प्रसाद राउत अनुमंडल पदाधिकारी, सिंदरी और उनके कार्यालय के पदाधिकारी और आरक्षी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम मे कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किए। अवलोकन के दौरान सिंदरी अनुमंडल का पिछले पांच वर्षो का अपराध आंकडा, यूडी कांड, अप्राथमिकी पंजी, गंभीर कांडो की समीक्षा एवं अन्य पंछियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय का कार्य संतोषजनक पाया गया, जिसके लिए कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं आरक्षियों को पुरस्कृत किया गया।

# जिला योजना पदाधिकारी ने मतदाताओं को किया जागरूक

अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधि कराई जा रही है। जिसमें विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, स्लोगन, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगित समेत अन्य कार्यक्रम कराएं जा रहे है। वहीं 2019 के निर्वाचन के दौरान कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर संध्या चौपाल, रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला योजना पदाधिकारी शिषिर पंडीत द्वारा चतरा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लावालौंग प्रखण्ड के टिकदा एवं मलगू



बूथ संख्या-01 उत्क्रमित मध्य विद्यालय रिमी रामपुर में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मत के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्होने बूथ जागरूकता ग्रुप के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत कम होने के कारण की जानकारी ली। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकिल अहमद एवं सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार अपने टीम के साथ दिनांक-28.04.2024 रविवार को प्रतापपुर प्रखण्ड के चंद्रीगोविन्दुपर पंचायत के चट्टीअनंतपुर उत्तरी बूथ संख्या-243 एवं 244 पहुंच बूथ जागरूकता टीम के साथ बैठक कर एवं डोर टू डोर जाकर पूर्व के चुनाव में हुए कम मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। साथ ही मतदाता शपथ दिलाया गया। बूथ जागरूकता टीम के महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाया गया एवं एक स्वर में अबकी बार 80 प्रतिशत पार का नारा लगाया गया। जिले से गए टीम ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा आपका एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है, मतदान केन्द्र पर वोट देने जरूर जाएं।

### अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया, 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर पु०नि० सुजित कुमार पु०नि०-सह-थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में दिनांक 30.04.24 को कोडरमा थाना क्षेत्र से अवैध अग्रेजी शराब ले जाने की सूचना पर अग्रेजी अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। जिसके दौरान (1) किंगफिसर केन बियर 500 ML का 600 बोतल (2) गोड फादर वीयर 650 ML का 12 बोतल (3) बकार्डी लेमन रम 750 टछ का 12 बोतल (4) मैक्डोवेल्स नं0-01-375 टछ का 24 बोतल (5) तीन मोटर साईकिल, एक चार पहिया वाहन (स्कार्पियों) एवं चार मोबाईल बरामद किया गया।

# प्रथम जूडो बेल्ट टेस्ट का हुआ भव्य आयोजन

**धनबाद :** प्रथम जूडो बेल्ट ग्रेडेसन का शानदार आयोजन डीएवी कोयला नगर में किया गया। मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की भारतीय जूडो महासंघ के निर्धारित सिलेबस के अनुसार बेल्ट टेस्ट लिया गया, जिसमें धनबाद के विभिन्न स्कूलों व क्लबों से चयनित 73 जूडोका सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव थे। ग्रेडेसन में राजकमल स.वि.मंदिर, डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर आदि के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। झारखंड जूडो संघ के आदेशानुसार पप्पू कुमार, ब्लैक बेल्ट (सानदान), सुदीप चक्रवर्ती (ब्लैक बेल्ट, सोदान), आरती कुमारी (ब्लैक बेल्ट, सोदान) व राहुल शर्मा ने





खिलाड़ीयों का टेस्ट लिया। बेल्ट ग्रेडेसन मे उत्तीर्ण जूडोकाओं के नाम व उपाधि इस प्रकार है। ब्राउन बेल्ट-पलक परमा, आरती कुमारी, निरज मंडल, राहुल कुमार, शशांक शुक्ला। ब्लु बेल्ट रेड स्ट्रिप-रणवीर ठाकुर, अदिति गुप्ता, संजीव कुमार भारती, निकिता मंडल, आदित्य गुप्ता। ग्रीन बेल्ट रेड स्ट्रिप-पियूष कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमारी, आदित्य गुप्ता,आयुष कुमार सिंह, शुभम कुमार यादव। ओरेंज बेल्ट रेड स्ट्रिप-तेजस सिंह। येलो बेल्ट-लड़कियां-रेयना जालुका, अन्नुप्रिया लाल, सिद्धी कश्यप, शविशाखा कुमारी, अंजली कुमारी, उर्वी चक्रवर्ती, सिता कुमारी, कोमल कुमारी, सिद्धी तरवे,पुजा कुमारी, अनुषिका, कृत्तिका कुमारी,जयंतिका दास। लड़के-युवराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, शाहिल महतो, संस्कार, आदर्श राज, कृष कुमार हरी, अंशु मंडल, आर्यमन, अरन्व सिंह, अंश सिंह, शिवम विश्वकर्मा, मो. हम्माद, गुरकिरत सिंह, समीर कुमार, आदर्श शर्मा, विवेक कुमार, कुश कुमार, माही कुमार गुप्ता, आयुष कुमार, रूद्र प्रताप सिंह, युवराज सिंह, अभिषेक बनर्जी, आराध्य सिंह, कुशाग्र कश्यप, युवराज कुमार शर्मा, आतिफ हुसैन, आरव आर्या, प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, संकेत सेन, मोहित कुमार ठाकुर, मयंक कुमार रवानी, लक्की अग्रवाल, भावेश गांधी, रुद्र प्रताप झा, श्लोक तरवे, सक्षम सिंह, आदित्य गुप्ता, आदर्श सिंह, संस्कार, सामर्थ्य कुमार, अदरीमन भट्टाचार्यजी, अभिनव कुमार, लक्ष्मण कुमार।

# बस और ट्रक में हुई जोरदार टक्कर हादसे में एक की मौत, कई घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार की अहले सुबह नेशनल हाईवे स्थित कोटालअड्डा ओवरब्रिज पर यात्रियों से भरी एक बस की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक आगे था और बस पीछे. इस हादसे में ट्रक चालक की मौत मौके पर ही हो गई है। जबकि बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हैं। बताते हैं कि राज नामक बस कोलकाता बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही थी, और घटना घटी। घटना के संबंध में यात्रियों ने बताया कि राज बस कोलकाता के बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही थी। वर्धमान में बस को रोका गया, जहां यात्रियों ने भोजन किया। यात्रियों को खाना खिलाने के बाद बस चालक बस को काफी तेज गति से चला रहा था, बस की रफ्तार अधिक होने के कारण ही यह हादसा हुआ है। घटना में काफी लोगों को चोट आई है। हालत यह थी कि घटना के बाद बस में सवार सभी लोग नीचे गिर पड़े। टक्कर काफी जबरदस्त होने के कारण बस का अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक के पीछे घुस गया, जिससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। टक्कर के बाद बस चालक ट्रक और बस के बीच पूरी तरह फंसा रहा। पुलिस और एनएच कर्मियों की मदद से चालक और बस में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर रुप से घायल लोगों को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया।

### शॉर्ट सर्किट से पकड़ी आग

**झुमरीतिलैया :** बाजार समिति में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग जाने से तकरीबन आधा दर्जन फल दुकानों को नुकसान पहुंचा है। बाजार समिति के फल दुकानों के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आ गए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। बाजार समिति में फलों का कचरा भी सूखा हुआ पड़ा था, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और कुछ ही देर में आग में भयावह रूप धारण कर लिया। हालांकि गनीमत यह रही की समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तकरीबन आधा दर्जन दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। जिसे तकरीबन 10 लख रुपए का नुकसान हुआ। बताते चले कि बाजार समिति परिसर के अंदर अस्थाई फलों का दुकान बनाया गया है, जबकि बाहरी परिसर में कई स्थाई दुकानें भी संचालित होती है।

# सुनैना किन्नर के नामांकन में 03 को शामिल होंगी कौशल्यानंद गिरी किन्नर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर आगामी 3 मई को नामांकन करेगी। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी

चुनाव

ले लिया है और आगामी 3 मई वह नामांकन करेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की कई प्रत्याशी आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेताओं के साथ बुलाया जाता है परंतु धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंदेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी। उनकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है कि झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से केंद्र समाज के लोग के लावे कई सामाजिक संस्था के लोग भी शामिल होंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए 3 लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के लिए 3 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त श्री प्रकाश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सामान्य वर्ग के लिए 3 व्यक्ति ने 25 - 25 हजार का भुगतान करके नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक श्री रमेश कुमार तिवारी, श्री शंभु महतो, श्री नंदलाल चौहान मौजूद थे।

# एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने धनबाद समाहरणालय में दाखिल किया नामांकन पत्र


चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बाघमारा :** धनबाद लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मंगलवार को धनबाद समाहरणालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। उपायुक्त माधवी मिश्रा को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के समय उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, निवर्तमान सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा भी मौजूद थे।

**रामराज मंदिर में की पूजा अर्चना**

**नामांकन** पत्र दाखिल करने से पूर्व प्रत्याशी ढुल्लू महतो, धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ अपने गांव चिटाहीधाम स्थित



रामराज मंदिर में पूजा अर्चना किए। तदुपरांत हजारों समर्थकों के साथ धनबाद बरवाअड्डा एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। इसके बाद सीधा उपायुक्त कार्यालय पहुँचे जहां उन्होंने पर्चा दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने से पहले श्री महतो ने रोड-शो किया। जिसमें कार्यकर्त्ता ढोल नगाड़े के साथ नृत्य कर रहे थे। इसके बाद जुलुश के साथ रोड शो करते हुए बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन पर भाजपाइयों का उमड़ा सैलाब



**झरिया (धनबाद) :** धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन को लेकर मंगलवार को धनबाद लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्रों से ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ पड़ा। झरिया कोयलांचल के आसपास क्षेत्रों से भव्य जुलूस की शक्ल में रैली निकली। वही पुराना बाजार से अखिल भारतीय खटीक समाज व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में भाजपा का झंडा और पोस्टर लेकर शामिल हुए। नामांकन रैली बाजे गाजे के साथ निकाली गई। वहीं, खटीक समाज के अध्यक्ष जितेंद्र खटीक कहा कि ढुल्लू महतो गरीबों को मसीहा के नाम से जाना जाता है, बाघमारा विधायक रहते हुए अपने कार्यकर्ताओं के लिए कई बार जेल भी जा चुके हैं, उनके साथ देने का समय अब लोकसभा चुनाव में दिख रहा है हम सब लोग मिल कर उनको सांसद बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। नामांकन रैली के दौरान कि यह लोकसभा का चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्षों से लगातार देश की सेवा कर रहे। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए काम कर रहे हैं।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजय बनाने को लेकर निकाली रैली



**धनबाद :** धनबाद संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में ढुल्लू महतो ने मंगलवार को अपना नामांकन किया। इस दौरान धनबाद लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता रैली के साथ समाहरणालय भवन पहुंचे। मनईटांड़ गोल बिल्डिंग के समक्ष बैंक कॉलोनी से रवि सोनी के नेतृत्व में उनके समर्थक भी वहां पहुंचे तथा यह संकल्प लिया की ढुल्लू महतो को जीत दिलाकर उन्हें दिल्ली भेजा जायेगा। इसके लिए वह प्रतिदिन सुबह कार्यकताओं के साथ लोगों के घर-घर जाकर ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। ढुल्लू महतो के प्रति वोट करने के लिए तैयार भी कर चुके हैं। इसमें मार्गदर्शन के तौर पर भुटका यादव का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर रिंकू सोनी, विकेश भगत, सोनू सिंह, राहुल कुशवाहा, राकेश सिंह, गोलू कुमार तथा रोहित कुमार आदि मौजूद थें।

सम्पादकीय.....

## ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

**भारत** में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है।

## किसने क्या कहा



हम महिलाओं को बनायेंगे लखपति, महालक्ष्मी योजना में हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये

राहुल गांधी
कांग्रेस नेता



फेक वीडियो व झूठ से जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस

अमित शाह
गृह मंत्री

# जलवायु परिवर्तन और भारतीय चुनाव

विशेष — कुलभूषण उपमन्यु

**इस** बार कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ने ही इस मुद्दे पर कुछ लक्ष्य अपने चुनाव घोषणा पत्र में रखे हैं। किन्तु पिछले अनुभव के आधार पर ज्यादा आशा नहीं जगती है। शिमला में 2009 में जलवायु कॉन्क्लेव हुआ था, उसके साथ ही हिमालयी परिस्थिति तंत्र को बचाने के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए थे। किन्तु दोनों प्रमुख दलों को पर्याप्त समय मिलने के बावजूद विशेष प्रगति इस दिशा में नहीं हो सकी। वैश्विक स्तर और हिमालय के स्तर पर जलवायु परिवर्तन की चुनौती के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब समय आ गया है जब कि इस मुद्दे पर आम जनता और राजनीतिक दलों को चुनावी राजनीति के केंद्र में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लिया जाना चाहिए, ताकि सरकार गठन के बाद इस मुद्दे पर समुचित कार्य किया जा सके और सरकारों की जवाबदेही भी तय हो।

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट गत सप्ताह जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थ व्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों जैसे कि जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 वर्षों का वर्षा का रिकार्ड टूट गया। वहीं दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई।

एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव पाए गए हैं। यानी ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुणा वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है ,जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है। इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित श्री धान्य फसलों कोदा, रामदाना, स्वांक, बाजरा, आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है। किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण क्षमता में आ रही कमी की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं। पिछले 15 वर्ष में भारत में 3 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत रूप से जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बावजूद वर्तमान आम चुनाव में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने, या ज्यादा से ज्यादा चुनाव मैनिफेस्टो में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है। इस लिए राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। हिमालय के नाजुक परिस्थिति संतुलन के दृष्टिगत यह मामला हिमालय में और भी ज्यादा संगीन हो जाता है। किन्तु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्मसंतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं। जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रख कर दबाव बना कर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं।

# ममता दीदी के नीचे गिरने की हद

गौरतलब — डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**अभी** जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है। उसके घर के फर्श के नीचे बड़ी संख्या में फायर आर्म्स छिपाए गए थे। रोबॉट-स्निफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से सीबीआई और एनएसजी के कमांडो ने संदेशखाली से सात हथियार बरामद किए, जिनमें से चार विदेशी आग्नेयास्त्र हैं। शेष देशी पिस्तौल हैं।

**इसे** आप पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की निकृष्टता की हद मान सकते हैं कि वह केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा छोड़िए, उन पर पश्चिम बंगाल में आकर हथियार रखने तक के आरोप लगा रही हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि वे कह रहीं हैं, "जब्त की गई चीजें संभवतः उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी"। अभी तक यह क्या कम था कि संदेशखाली के आरोपितों को ममता सरकार बचाती रही और हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी वह कई दिनों तक गिरफ्तार नहीं हो सके थे। वस्तुतः वामपंथियों की क्रूरता से मुक्त होने की छटपटाहट और उसके लिए तमाम जतन करने वाली बंगाल की जनता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जो उन्हें सुरक्षा और विकास का भरोसा दिला रही हैं, वह ममता दीदी भी भविष्य में सत्ता प्राप्त होते ही उन्हें प्रताड़ित करेंगी और समूचे बंगाल में एक ऐसा सिस्टम खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगी जिसमें अपराधियों का ही बोल वाला सर्वत्र होगा। वहीं जो उनके विरोध में आवाज उठाएगा उसकी हमेशा के लिए साम, दाम, दंड,व भेद अपनाकर आवाज बंद कर दी जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है । पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी। फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि संदेशखाली में जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के भी भयंकर आरोप लगे है। वाबजूद इसके आप ममता सरकार में शाहजहां का प्रभाव देखिए कि ज्यादातर मामलों में या तो केस की चार्जशीट उपलब्ध नहीं है या फिर शाहजहां के खिलाफ जांच लंबित है। वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है।

## आज का इतिहास

- यूनाइटेड किंगडम ने पहला आधिकारिक डाक टिकट 1840 को जारी किया।
- रानी विक्टोरिया ने लंदन में 1851 में महाप्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- अमेरिका में कामगारों के लिये काम के घंटे तय करने को लेकर 1886 में हड़ताल की गई और उसी दिन से 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया।
- स्वामी विवेकानंद ने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- प्रफुल्ल चाकी ने 1908 में मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी 1914 में बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
- भारत में सन 1923 में मई दिवस मनाने की शुरूआत में चेन्नई में हुई। इससे पहले भारत के 80 देश ऐसे थे जहां एक मई को श्रम दिवस के रूप में मनाया जाता था।
- सोवियत लाल सेना का बर्लिन 1945में प्रवेश।
- जोनास सॉल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए 1956 में उपलब्ध करायी गयी।
- महाराष्ट्र को 1960 में राज्य घोषित किया गया था।
- क्यूबा के प्रधानमंत्री डॉक्टर फि देल कास्त्रो ने क्यूबा को 1961 में समाजवादी राष्ट्र घोषित कर दिया और चुनावी प्रक्रिया को खत्म कर दिया।
- देश की कोयला खदानों का 1972 में राष्ट्रीयकरण किया गया।
- इस्तांबुल के तकसीम स्क्वायर 1977 में श्रम दिवस समारोह के दौरान लगभग 36 लोगों की मौत हुई।
- फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के 1984 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल हुये।
- श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की 1993 में बम विस्फोट में मृत्यु हुई।
- संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर 1996 में निर्धन घोषित किया।

## अंकजाल - 7534

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।



अंकजाल 7533 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## विनम्रता का पाठ

**पंडित** विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति, जो खुद पर नियंत्रण रखता है।

**होरेस**

बड़ा सोचें, जल्दी सोचें, आगे सोचें, विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**तुला** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृष** — दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**वृश्चिक** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मिथुन** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**धनु** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क** — सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मकर** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कुंभ** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्या** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

# मुस्लिम बेटियां और 'शरीयत' की बेड़ियां

**अधिवक्ता डॉ. निवेदिता शर्मा**

**देश** में एक बार फिर शरीयत एक्ट पर बहस शुरू हो गई है। ये चर्चा इन दिनों इसलिए सामने आई, क्योंकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने केरल निवासी महिला ने अर्जी दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया, वह एक अलग तरह की स्थिति में अपने को पाती है। क्योंकि भाई को डाउन सिंड्रोम बीमारी होने से वे असहाय हैं, किंतु उनकी देखभाल मेरे द्वारा ही हो रही है। अन्य सामाजिक दायित्व भी मैं बखूबी निभा ही रही हूं, किंतु शरीयत कानून 'मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937' में पुत्री को बेटे से आधी संपत्ति मिलती है। इस स्थिति में पिता बेटी को एक तिहाई संपत्ति दे सकते हैं, शेष दो तिहाई उन्हें बेटे को देनी होगी। अब यदि भविष्य में भाई के साथ कोई परेशानी होती है, तो फिर भाई के हिस्से वाली संपत्ति पर पिता के भाइयों के परिवार का भी दावा बन जाएगा। उक्त महिला यहां अपने लिए न्याय चाहती है और हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की तरह ही भाई के नहीं होने की स्थिति में या होते हुए भी बराबर से अपने लिए पैतृक संपत्ति में से हक चाहती है। यहां कानून की दिक्कत यह है कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-58 के तहत संपत्ति के बारे में घोषणा की जा सकती है, लेकिन मुस्लिम पर लागू नहीं है। पर्सनल लॉ कहता है कि मुस्लिम शख्स एक तिहाई से ज्यादा संपत्ति वसीयत के जरिये नहीं दे सकता है। इसके साथ ही वर्ममान में यह एक बड़ा प्रश्न भी सामने आ खड़ा हुआ है कि मुस्लिम परिवार में पैदा होने के पश्चात भी यदि कोई इस्लाम को नहीं मानते तो क्या उन पर भी ये शरीयत एक्ट लागू होगा? निश्चित तौर पर इस प्रश्न का उत्तर देश के एक बहुत बड़े वर्ग को चाहिए जो पैदा तो इस्लाम में हुआ है, किंतु उसकी आस्था कहीं भी इस मजहब के प्रति नहीं है। इसके साथ ही यहां हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के साथ तुलना करने पर एक बात ओर समझ आती है कि पुत्री को समानता का अधिकार देने का नियम भले ही इसके माध्यम से भारत में जन्में सभी मत, पंथ, विचारधाराओं को एक साथ मिल गया था, किंतु फिर भी पुरुष सत्तात्मक समाज व्यवस्था में कुछ रास्ते सहूलियतों के ऐसे अवश्य थे, जहां एक बहन की तुलना में भाई अधिक लाभ की स्थिति में देखा जा रहा था! किंतु इसमें भी समय के साथ सुधार हुआ । 2005 में महिला हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम आया। पहले के कानून में बेटी को पैतृक आवास में रहने का अधिकार था। परंतु अब जन्म से ही बेटी को एक समान उत्तराधिकारी बना दिया गया। जैसे बेटे का हक वैसे ही अब बेटी का भी हक तय कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर यह निर्देश दिए हैं कि बिना वसीयत के उत्तराधिकार की स्थिति में भी हिंदू महिला बराबर की हकदार है। लेकिन रास्ता फिर भी आसान नहीं था।

वर्ष 2011 में गंडूरी कोटेश्वरम्मा पिता चक्री वेंकटस्वामी का मामला प्रकाश में आया, जिसकी तत्कालीन समय में बहुत चर्चा रही । इस केस को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था यह कहकर कि बेटी और बेटों को बराबर का अधिकार है। फिर उपरोक्त फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में गंडूरी कोटेश्वरम्मा की तरफ से याचिका दायर की गई। इस याचिका पर अक्टूबर 2011 में न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर का निर्णय आया, जिसमें कहा गया, हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के तहत बेटियां अन्य पुरुष सहोदरों के बराबर का अधिकार रखती हैं।

# आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर

**(01 मई मजदूर दिवस पर विशेष)**

गौरतलब — रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत** में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

**श्रमिक** अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मजदूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने ह्यकाम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### अभाविप ने चलाया मतदाता जागरण अभियान

**लातेहार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा पूरे भारत में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरण अभियान के तहत 100प्रतिशत मतदान करने को लेकर ग्रामीणों के बीच डोर टू डोर टोली बनाकर जागरण किया जा रहा है। मतदाता जागरण अभियान में अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने बताया कि भारत देश के लिए देश और दिशा को तय करने के लिए हम सभी युवाओं बुजुर्गों महिलाओ सभी कोई को मतदान करने की जरूरत है। और इन्होंने बताया कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए,देश में युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए, समृद्ध किसान के लिए, समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सभी परिवारों के लिए, शैक्षणिक विकास के लिए, देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए, आतंकवाद नक्सलवाद मावोवाद को खत्म करने के लिए,भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकसित करने के लिए, पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए, भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए मतदान करने की आवश्यकता है।

### गांव में सरहुल महोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ में मंगलवार को गांव सरहुल पूरे धुमधाम से मनाया गया। सरहुल महोत्सव को लेकर सरना भवन से शोभायात्रा निकलकर अखाड़ा तक गयी। इस शोभायात्रा में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा पहने पारंपरिक हथियार एवं ढोल नगाड़ो के साथ आदिवासी नृत्य करते हुए जुलूस मे शामिल हुए, इस दौरान जय सरना जय चाला जय सरना,सरना माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल संचालन में विनय उरांव, राकेश उरांव, प्रवीन उरांव, रामु, कुन्ती देवी, हेलमईत देवी प्रेम शंकर का सहयोग रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरूआत होने से पूर्व बैगा सुले द्वारा पुजा कर अच्छी बारिश और गांव की सुख शांति के सरना माता से प्रथार्ना की गयी।

### सेंट जेवियर्स महाविद्यालय के गणित विभाग के विद्यार्थियों ने किया आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़/लातेहार** : संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के गणित विभाग के विद्यार्थियों और प्रोफेसर्स के द्वारा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने महुआडांड़ स्थित राजडंडा गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ समय व्यतीत किया और विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को जानने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने मध्य विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया और उच्च शिक्षा के संदर्भ में जानकारी प्रदान की, इससे विद्यार्थी एक बेहतर शिक्षक, जागरूक, दयालु और परोपकारी नागरिक बनते हैं जो समाज की व्यापक भलाई में विश्वास करते हैं। साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति उत्प्रेरित करने हेतु उनके बीच कॉपी और कलम का वितरण किया। इसके पश्चात गांव के कुछ जरूरतमंद लोगों के बिच तौलिया तथा पानी बोतल का भी वितरण किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। आउटरीच कार्यक्रम महाविद्यालय के विधार्थियों को समाज और समुदाय के भीतर उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाता है। यह सॉफ्ट स्किल, नेतृत्व कौशल और टीम-निर्माण कौशल जैसे विभिन्न कौशल के विकास के माध्यम से शिक्षा के नागरिकता प्रशिक्षण लक्ष्य को भी पूरा करता है। हमारी आउटरीच/विस्तार गतिविधियां वास्तव में हमें सकारात्मक दृष्टिकोण और मूल्यों के साथ शिक्षक पेशेवरों के पोषण के हमारे दृष्टिकोण और मिशन के करीब जाने में मदद करती हैं। जो शिक्षण, सीखने और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, जो एक न्यायपूर्ण और देखभाल करने वाले समाज के निर्माण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकते हैं।

---

## आचार-संहिता उल्लंघन मामले में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पर प्राथमिक दर्ज, उपायुक्त ने कहा...

# आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में आदर्श आचार संहिता का उलंघन के मामलें को संज्ञान में लेते हुए आदर्श कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है। लातेहार थाना में एफएसटी चंदन कुमार चंद्र ने लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया है। इस सम्बन्ध में एफएसटी चंदन कुमार चंद्र ने कहा कि सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जोगनाटांड (होटवाग) में सड़क किनारे पेड़ पर कांग्रेस पार्टी का बैनर लटकता हुआ पाया गया था। जिसे बाद में हटवा दिया गया है। वहां कोई व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण किसके द्वारा और कब बैनर लगाया गया है यह ज्ञात नहीं हो सका है। जिस कारण कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि, पशुपालन, गव्य व मत्स्य विभाग ने एसएफ के निर्धारण के लिए की बैठक



**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की गतिविधियों हेतु एसएफ के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समिति डीएलटीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ द्वारा तैयार किये गये एसएफ से समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि एसएफ के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने में ऋण की अधिसीमा निर्धारित करना है। बैठक में यह बताया गया कि कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियां हेतु स्केल ऑफ फाइनांस को विगत वर्ष के आधार पर तथा वर्तमान स्थिति को लागत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विचार-विमर्श उपरान्त सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य गतिविधियों हेतु निम्नवत स्केल ऑफ फाइनांस निर्धारित किया गया। बैठक में सभी बैंकर्स को जिले के किसानों को वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके।मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दो उम्मीदवारों ने लिया नाम वापस 13 मई को होना है पलामू में चुनाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू में 13 मई को चुनाव होने वाले है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत दिनांक 29 मई 2024 को नाम वापसी के दिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभय कुमार व भागीदारी पार्टी(पी)के श्री सतेंद्र कुमार पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया।इसी तरह पलामू लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये अब नौ अभ्यर्थी रह गये जिनके लिये 13 मई को वोट डाले जायेंगे इस दिन पलामू लोकसभा के लिये कुल 2243034 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नौ अभ्यार्थियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन भी कर दिया गया जो निम्न है। अभ्यर्थी का नाम,दल का नाम, आवंटित चुनाव चिन्ह के साथ कामेश्वर बैठा, बहुजन समाज पार्टी, हाथी, ममता भुईयां, राष्ट्रीय जनता दल, लालटेन, विष्णु दयाल राम, भरतीय जनता पार्टी, कमल, ब्रजेश कुमार तुरी, राष्ट्रीय समानता दल, कैंची, महेंद्र बैठा, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट, बैटरी टॉर्च, राम वचन राम, बहुजन मुक्ति पार्टी, चारपाई, वृन्दा राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक), फलों से युक्त टोकरी, सनन राम, लोकहित अधिकार पार्टी, सेब, गणेश रवि, निर्दलीय, केतली।

## दोने-पतल बना कर बेचना ही हमारी पहचान बन गयी

- सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन नहीं
- सरकार हमें सिर्फ बहुरने की उम्मीद देते रहती है



**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : आज भी डाल्टेनगंज शहरों में पतल के दोने,बना कर गरीब मजदूर महिला, व पुरुष अपनी वनोपज जमा कर अपना जीवनयापन रात से लेकर दिन तक पतल दोने बेचते दिख सकते है। यहां तक की रात में भी सोते-जागते कहीं भी महिला व पुरुष मिल सकता है। शहर के रेड़मा चौक, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर पार्क स्थित, अन्य तमाम चौक चौराहे पर आपको सुबह-शाम देखने को मिल सकता है। पलामू के जंगल में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों के पत्ते तोड़कर तथा उनके पत्तल तैयार कर उन्हें बाजार में बेचना, यह गरीब मजदूर के जीवन का अंग बन चुका है। दुर्गम क्षेत्र में प्रत्येक परिवार का एक महिलाएं पलामू में पत्तल का व्यवसाय करती आ रही ही है।क्यों की हमारे यहां विभिन्न प्रजाति के पेड़ गरीब मजदूर के जीने का सहारा बन चुकी हैं। इस जिले में 78 फीसदी जंगल हैं। घने जंगलों से घिरे इस जिले में अब तक कोई बड़ा उद्योग स्थापित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप जिले के सुदूर इलाकों में बसे आदिवासी समुदाय के लोगों को किसी भी तरह का रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा।ऐसे में इस समुदाय ने जंगल से ही अपने जीवनयापन का जरिया तलाश लिया है। गौरतलब है कि गरीब मजदूर दुर्गम क्षेत्र में प्रत्येक परिवार का एक व्यक्ति दोन व पत्तल का व्यवसाय करता ही है। **क्या** कहती दोने पत्ता बेचने वाले कुछ महिलाएं पुरुषों डरते हुए कहा की नाम नही बताना भईया हमारा जो किस्मत में है वहीं तो हम कर रहे है।अधिकांश महिलाएं जंगल से पत्ता लाकर पलामू के साथ अन्य जगहों पर बिक्री करने के लिए आती है। सरकार राशन कार्ड तो दी है।

## करकट उत्क्रमित उच्च विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट का मंगलवार को सत्र 2023-24 के वर्ग एक से सात तक का वार्षिक परीक्षा फल शैक्षिक ग्रेडिंग मापक के तहत विद्यालय परिसर में प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद एवम प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मंजू देवी के द्वारा जारी किया गया। परीक्षा परिणाम तैयार करने में वरीय शिक्षिका उमा कुमारी ,सुचिता मिंज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वर्ग एक में खुसबून खातून, कनिका राज ,रजिया खातून वर्ग दो में सोनी कुमारी,पियूष कुमार ,हसनैन अंसारी वर्ग तीन में श्रृष्टि सिंह, आलिया प्रवीण, अन्नू कुमारी वर्ग चार में रिया कुमारी सिंह, गौतम कुमार सिंह, अहत राजा, वर्ग पांच में अनुप्रिया सिंह, छोटी कुमारी, रेशमा कुमारी वर्ग छह में आफरीन ताज, बुसरा, विवेक उरांव वर्ग सात में रंजित कुमार ,मयंक कुमार, सोनी, पवन उरांव ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी को शुभकामना देते हुए आगे और मन से पढ़ाई करने साथ ही नियमति स्कूल आने की बाट कही गई। वहीं अत्यधिक गर्मी के कारण वर्ग एक से आठ तक के विद्यालय बंद रहने की सूचना सभी बच्चो और अभिभावकों को दिया गया।

## लातेहार जिला ने वाणिज्य में प्रथम व विज्ञान में हासिल किया दूसरा स्थान






**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड अधिविध परिषद ने इंटरमीडियट के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय का परीक्षाफल मंगलवार को जारी कर दिया।जारी परीक्षाफल में लातेहार जिला ने स्टेट में वाणिज्य में पहला (98.38प्रतिशत), विज्ञान में दूसरा (89.40प्रतिशत) और कला संकाय में छठा (95.70प्रतिशत) स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष इंटर वाणिज्य की परीक्षा में जिले के 248 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें 173 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 70 ने द्वितीय श्रेणी व एक ने तृतीय श्रेणी से परीक्षा उर्तीण की। जबकि विज्ञान संकाय में इस वर्ष निबंधित 1053 में से 1048 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें 700 छात्र प्रथम श्रेणी व 237 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास की। जबकि कला संकाय में 5711 छात्रों में से 5683 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें 2537 छात्रों ने प्रथम व 2771 छात्रों ने द्वितीय तथा 131 छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, लातेहार की निशी रानी ने सर्वाधिक 87.40प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉप की है। जबकि राजकीयकृत उच्च बालक विद्यालय लातेहार राजीव रंजन और राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह की फातिमा खातून ने 86.40 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की चिंकी कुमारी 85.60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार के कोल कुमारी, मनतोष उरांव, सोनू लाल उरांव, अमित उरांव, आयुष चौधरी, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ के ऋषि कुमारी, राजकीय उच्च विद्यालय बरवाडीह की राजनंदनी कुमारी, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की सानिया परवीन, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालूमाथ की सुषमा कुमारी, गर्ल्स हाई स्कूल लातेहार की अराधना कुमारी और प्लस टू स्कूल की शुभा प्रिया ने क्रमशः चौथा से दसवां स्थान प्राप्त किया है। राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ के नीतेश कुमार ने सर्वाधिक 87.60 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉप हुए हैं। जबकि राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह के हर्ष कश्यप ने 87.40 प्रतिशत अंक ला कर दूसरा और राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ के राजेश कुमार राजू ने 86.60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## आसमान से बरस रही आग, पारा 42 पार



**नीरज सिन्हा**

**लातेहार** : लातेहार में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। धरती झूलस रही है। नदी व तालाबों का पानी सूख गया है। कुएं का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। शहर के चापाकल हांफने लगे हैं। चिलचिलाती गर्मी के कारण लोग अब सिर्फ सुबह और शाम ही घरों से निकल रहे हैं। शहर की वाटर लाइफ लाइन माने जाने वाली औरंगा नदी में कहीं-कहीं पानी की हल्की धार हीं दिखायी पड़ रही है। ज्ञात हो कि औरंगा नदी से ही शहर में पेयजल की आपूर्ति होती है। ऐसे में औरंगा नदी का पानी सूख जाने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है ।नगर पंचायत के कनीय अभियंता संदीप बेदिया ने भी कहा कि औरंगा नदी सूखने से पेजयल आपूर्ति सेवा प्रभावित हो सकती है।

**सड़कों पर पसरी है वीरानी**

**गर्मी** और धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुहाल हो गया है। सुबह के दस बजते हीं शहर की सड़कें सुबह वीरान हो जा रही है। हालांकि दुकानें खुली रहती है लेकिन उसमें ग्राहक नदारद रहते हैं। शहर के प्रमुख थाना चौक, बाइपास चौक, धर्मपुर मोड़ व नवरंग चौक आदि रिहायशी इलाकों में भी दोपहर में वीरानी छायी रहती है।

**बढ़ गयी है खीरा व तरबूज की मांग**

**बढ़ती** गरमी के साथ ही खीरा, ककड़ी और तरबूज की मांग बढ़ गयी है। शहर के हर एक चौक चौराहे खीरा, ककड़ी और तरबूज की दुकानें सज गयी है। शहर के पोस्ट आफिस व बालिका उच्च विद्यालय के पास काफी संख्या में खीरा, ककड़ी और तरबूजा बेचने वाले छोटे- बड़े व्यापारी बैठते हैं। बाजार में अभी खीरा 20 से 30 रुपये, ककड़ी 30 से 40 रुपये और तरबूजा 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहे हैं। इसके अलावा सतू के शर्बत की भी डिमांड बढ़ गयी है। 20 से 25 रुपए प्रति गिलास सतू के शर्बत बिक रहे हैं।

## 11 मई तक विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होगा रक्तदान शिविर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला अंतर्गत आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आज मंगलवार को स्वीप कोषांग के अंतर्गत सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां रक्त दान करने आए मतदाताओं को जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा मतदाताओं से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए बूथ स्तर पर भी स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं।

## छतीसगढ़ से छड़-सीमेंट लेकर आ रहा ट्रैक्टर पलटा

# पारा शिक्षक व भतीजे की मौत, पुत्र गम्भीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलथरवा घाटी में सोमवार की शाम छड़-सीमेंट लदा एक ट्रैक्टर पलट गया। छड़-सीमेंट को छतीसगढ़ से लाया जा रहा था। इस घटना में ट्रैक्टर चला रहे चालक सह मालिक पाटन के उताकी के रहने वाले पप्पू सिंह (30) एवं उनके फूफा पारा शिक्षक विजय कुमार सिंह (57) की मौत हो गयी, जबकि भाई लखन सिंह (20) गंभीर रूप से जख्मी है। उसका इलाज किया जा रहा है। पारा शिक्षक विजय कुमार सिंह नावाबाजार थाना क्षेत्र के नेनुआ के रहने वाले थे। विजय कुमार सिंह के मकान की ढलाई होनी है। इसके लिए वे अपने पुत्र लखन सिंह और भतीजे सह ट्रैक्टर मालिक पप्पू सिंह के साथ छतीसगढ़ छड़-सीमेंट लेने गए थे। वहां से सभी सोमवार की शाम लौट रहे थे। रामगढ़-चैनपुर मुख्य मार्ग पर बलथरवा घाटी में अचानक टैज्क्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर मालिक सह चालक की मौके पर मौत हो गयी, जबकि विजय सिंह को इलाज के लिए एमआरएमसीएच लाया गया। यहां कुछ देर इलाज चलने के बाद उनकी भी मौत हो गयी। मंगलवार को पप्पू सिंह एवं विजय कुमार सिंह की शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में किया गया।

## दहेज हत्या आरोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी, व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49 / 2021 दिनांक17 / 6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक बर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच मे बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। दिनाक 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिए तथा उसे लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिए। जहा फांसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट था जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था।

## एसवीएम लातेहार ने किया शिशु वाटिका अभिभावक गोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों की पढाई के साथ-साथ खेलकूद व खानपान पर भी दें ध्यान अभिभावक : ऋतु रानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा अरुण से प्रथम तक के भैया बहनों के माताओं की एक दिवसीय गोष्टी सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह अभिभाविका ऋतु रानी थी। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या नीलम अम्बस्टा के द्वारा अतिथि परिचय कराया गया। गोष्ठी की शुरूआत मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रांत सह शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं बगीचा, क्रीड़ा, तरणताल ,चिड़ियाघर, चित्र पुस्तकालय, वस्तु संग्रहालय, विज्ञान प्रयोगशाला, घर, रंगमंच कार्यशाला , कलाशाला और प्रदर्शनी के बारे में चर्चा की। वही उदय की कक्षाचार्या नीलम अम्बस्टा ने बताया कि भैया बहनों के सर्वांगीण विकास में आचार्य दीदी जी के साथ अभिभावकों का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। इस दौरान सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों की घर की गतिविधियों से विद्यालय के कक्षाचार्य, विषयाचार्य व प्रधानाचार्य को अवगत कराया और लिखित कार्य की कॉपी भी देखी गई। विद्यालय की आचार्या अनुजा कुमारी ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों के प्रोजेक्ट वर्क में मदद कर गृह कार्य को आसान बना सकते हैं साथ ही जलपान में बाहर का नाश्ता ना देना, प्लास्टिक के टिफिन में गर्म खाना ना देना, सभी विषयों के दो कॉपी भेजना, बच्चों का बैग बस्ता भारी न हो इसका ध्यान रखना आदि विषयों पर ध्यान आकर्षित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ऋतु रानी ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके खान-पान, स्वास्थ्य एवं खेलकूद पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही साथ बच्चों के साथ समय बिताने को भी कहा जिससे उनमें अभिभावकों के प्रति एक मित्रता पूर्ण व्यवहार हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष में 25000 सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय का संचालन होता है विद्यालयों में कराए जाने वाले संपूर्ण कार्य शोध पर आधारित होता है यहां सभी आचार्य दीदी जी प्रशिक्षित एवं निपुण होते हैं। इस वर्ष दशम बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में राज्य स्तर पर हमारे विद्यालय के चार (4)एवं जिला स्तर पर (13) तेरह भैया बहनों ने अपना स्थान प्राप्त किया है। यहां आचार्य दीदी जी सभी भैया बहनों को पुत्रवत स्नेह प्रदान करते हुए पढ़ाने का कार्य करते हैं। वहीं कार्यशाला में अभिभावकों के बीच विभिन खेल प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम में मंच संचालन शिल्पा कुमारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## एक झलक

### भीषण गर्मी में लू लगने से दुमका में एक की मौत, दूसरा इलाजरत

**दुमका** : जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में लू लगने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर मूर्छित होकर सड़क पर गिरा पड़ा था। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृत मजदूर की शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर जिला नियंत्रण कक्ष के निकट गिरे पड़े थे। स्थानीय लोगों की जब नजर दोनों पर पड़ी तो नगर थाना की पुलिस को सूचित किया। नगर थाना की गश्ती दल की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर पीजेएमसीएच में लेकर पहुंची लेकिन एक की मृत्यु हो चुकी थी।

### सिमडेगा में हाथी ने मचाया आतंक, एक युवक घायल

**सिमडेगा** : जिले में हाथियों ने खूब आतंक मचाया हुआ है। हाथियों के आतंक से आसपास के लोगों का जीना बेहाल है। सोमवार देर रात एक हाथी ने बानो प्रखंड के बांकी पंचायत के बादलुंग गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस घटना में एक युवक घायल हो गया। हालांकि ग्रामीणों ने मिलाकर रात में ही हाथी को खदेड़ने का प्रयास किया। जंगली हाथी को भगाने के क्रम में अंकित का पैर टूट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बादलुंग में जंगली हाथी तीन दिनों से अपना उत्पात मचा रहे हैं। किसानों के फसलों को नष्ट कर रहे हैं। रात भी जंगली हाथी गांव के समीप पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। उसके बाद ग्रामीणों जंगली हाथी को खदेड़ते हुए बांकी स्कूल के पास ले गए, जहां हाथी के दौड़ाने की वजह से भागने के क्रम में अंकित का पैर टूट गया।

### प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

**मेदिनीनगर** : प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास, वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से विद्युत वरण महतो ने किया नामांकन

# राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिला कर दिल्ली भेजें : गजेंद्र सिंह शेखावत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न मंडलों से बाइक-कार रैली के साथ साकची स्थित बोधि मंदिर पहुंचे और वहां से पैदल जुलूस की शक्ल में समाहरणालय परिसर तक प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के साथ आए। नामांकन की प्रक्रिया के बाद बोधि मंदिर मैदान में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक बार फिर सशक्त भारत के निर्माण में जमशेदपुर सहित राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर दिल्ली भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार थी। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे। इस समय दो खबरें अक्सर पढ़ने को मिलती थीं। एक तो यह कि देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी। घपले-घोटाले रोज सुनने को मिलते थे। यहां की इकोनॉमी कभी भी बिखरने की आशंका थी। दूसरा कि देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। अक्सर आतंकी हमले, बम



धमाके होते थे। शेखावत ने कहा कि देश की इकोनॉमी के प्रमुख केंद्र मुंबई, पुणे, चेन्नई जैसे शहरों और मंदिरों (अक्षरधाम वगैरह) पर आतंकी हमले होते थे। तत्कालीन सरकार बस सांत्वना देती थी या कड़ी निंदा करती थी। यूएन जाकर मदद की अपील करती थी। वर्ष 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। अब देश की अर्थव्यवस्था की गति तेज हुई। सीमाएं सुरक्षित हुईं। मोदी सरकार में केवल दो आतंकी हमले (उरी, पुलवामा) हुए और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला लिया गया। शेखावत ने भरोसा जताया कि विद्युतवरण महतो चार लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे। भाजपा देश में 400 से अधिक सीट लाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

**भाजपा सिर्फ सांसद बनाने को नहीं, देश को सशक्त बनाने को जनसहयोग लेती है : अर्जुन मुंडा**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज जहां है, उससे सभी भारतीय गदगद हैं। हमने सिर्फ राम मंदिर नहीं बनाया, राम राज की कल्पना को भी साकार करने में लगे हैं। मिलकर विकसित, समृद्ध, मजबूत भारत बनाने में लगे हैं। हर भारतीय मजबूती से ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि यह देश विश्व का भी नेतृत्व करे। ऐसे कई काम मोदीजी के नेतृत्व में हुए भी हैं। बीते 10 वर्षों में जिन उद्देश्यों, लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़े, उनमें कई काम पूरे भी हुए हैं। पहले विपक्ष सिर्फ सरकार बनाने का काम करता था, देश बनाने का नहीं। भाजपा सिर्फ सांसद बनाने को नहीं, देश को सशक्त बनाने को जनसहयोग लेती है। जनजातीय कल्याण मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के जरिए देश में जनजातीय समाज और किसानों की समृद्धि के लिए प्रयास हो रहे हैं।

## प्रेरणा शाखा ने मजदूरों के बीच गमछा, सत्तू व अन्य सामान बांटे

# श्रम शक्ति राष्ट्र की उन्नति का आधार : सारिका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर झुमरीतिलैया के जैन ट्रांसपोर्ट में कार्य करने वाले मजदूर के बीच गमछा, सत्तू और मिठाई का वितरण मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की ओर से अपने सामाजिक दायित्व के तहत किया गया। इस अवसर पर मजदूरों के चेहरे पर खुशी देखी गई। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि श्रम शक्ति राष्ट्र की उन्नति का आधार है। जीवन में श्रम से ही आगे बढ़ा जा सकता है। इसलिए हमें मेहनत कर जीवन का लक्ष्य पाने की कोशिश करनी चाहिए। मजदूरों के परिश्रम और मेहनत से ही क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मजदूर के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर लगभग दो दर्जन मजदूरों को आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत बेल का शरबत भी पिलाया गया। मौके पर नंदकिशोर जैन, संतोष लड्ढा, प्रेरणा शाखा की आकृति चौधरी, मिनी हिसारिया आदि उपस्थित थे।

## लाल प्रीतम बी.एड कॉलेज में मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : लाल प्रीतम बी।एड।कॉलेज जितनी मोड किशनपुर चतरा के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता से संबंधित अधिकतम मतदाता -अधिकतम मतदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाएं, चतरा कॉलेज चतरा एवं महिला कॉलेज चतरा के आए हुए परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। सभी ने एक स्वर में राष्ट्र के विकास के लिए स्वयं एवं लोगों को भी मतदान के प्रति जागरुक करते हुए मतदान के दिन अवश्य मतदान केदो पर जाकर अपना मतदान समर्पित करें। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव लाला प्रसाद साहू ने मतदान से संबंधित शपथ दिलाकर सभी को प्रेरित किया। व्याख्याता बबीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि नैतिक मतदान करने के लिए मतदान के दिन सारे कार्य छोड़कर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षक राजेश्वर प्रसाद दे कहा कि अधिकतम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आप सभी प्रशिक्षु सत प्रतिशत मतदान में वृद्धि करवा सकते हैं। गुलजार हुसैन, प्रकाश कुमार, बबीता, नूतन कुमारी कुमारी बाबर अली एवं प्रशिक्षुओ में निर्मल राणा हर्ष कुमार हनी हिमानी रिया कुमारी, सविता कुमारी अंजना कुमारी उमा भारती ने विभिन्न प्रकार के तकनीक की सहायता से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में अपने-अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को उत्प्रेरित किया।


## उप श्रमायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
**(संयुक्त श्रम भवन, आई०टी०आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग**
**Email id- boc.hazaribagh@gmail.com)**

**आम-सूचना**

हजारीबाग जिला के सभी प्रतिष्ठान/खनन क्षेत्र/उद्योग/पुल निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्ठा/क्रसर एवं मनरेगा से संबंधित नियोजक/संवेदक अपने यहाँ नियोजित कामगारों को Heat Wave से बचाव हेतु कार्य स्थल पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/ नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peack Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत करना।
6. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय-समय पर मुहैया कराना।
   उद्योग/वाणिज्यिक
7. संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
8. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंपल गवाना।

"आपका वोट, आपका भविष्य"
श्रम अधीक्षक, हजारीबाग।

PR.NO.324252 Labour Employment and Traning(24-25):D


## उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत जमुनियाटांड़ ग्राम में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 1,760 केजी जावा महुआ शराब एवं 55 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में मुख्य अभियुक्त रवि रजवार के विरूद्ध फरार अभियोग एवं सह अभियुक्त सुनील कुमार सिंह, प्रधान बोदरा को घटना स्थल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## कोडरमा लोकसभा सीट पर अन्नपूर्णा देवी दो मई को करेंगी नामांकन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह** : भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा संसदीय सीट से दूसरी बार एनडीए के टिकट पर दो मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। केन्द्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता दिनेस यादव ने मंगलवार बताया कि इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और यूपी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य के अलावा गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग जिले के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष समेत अन्य पार्टी नेता गिरिडीह के सर्कस मैदान में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि सर्कस मैदान में चुनावी सभा होगी। इधर, कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबन्धन के टिकट पर भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह एक मई मजदूर दिवस के मौके पर नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे। इस दौरान भाकपा माले के अलावा कांग्रेस, झामुमो, राजद के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उधर, भाजपा छोड़कर 2022-23 में झामुमो में शामिल हुए गण्डेय के पूर्व विधायक प्रो. जय प्रकाश वर्मा ने पार्टी से बगावत कर कोहरमा लोस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ने की घोषणा की है। प्रो. वर्मा ने एक मई श्रमिक दिवस के मौके पर नामांकन करने का एलान किया है। वर्मा का कहना था कि कोडरमा से टिकट दिये जाने के वादे के भरोसे पर ही वे भाजपा छोडकर जेएमएम शामिल हुए थे लेकिन यह सीट गठबंधन में खाते में चली जाने से वादा करने वालों ने हाथ खड़े कर दिए।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 03/2024-2025**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सलैया के प्राथमिक विधालय में सेप्टिक टैंक, सॉकपीट एवं नलकुप सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 12,75,961.00 | 25,600.00 | 5000.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग। दिनांक 06.05.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय :-कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग। दिनांक 06.05.2024 अपराहन 02:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय :- दिनांक 06.05.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0 :-कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0-2,हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है ।

नोट :- निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।


कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0-2, हजारीबाग।

PR.NO.324212 Water Resource(24-25):D


## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन योगा व मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक 30 घंटों का वैल्यू एडेड ऑनलाइन योगा एंड मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन की संस्थापक डॉ इंद्राणी एवं निदेशक डॉ. किरण बाला पटेल ने कार्यक्रम में जुड़े सभी प्रतिभागियों सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि इस प्रकार



के कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ॰ संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस योगा एवं मेडिटेशन कोर्स के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं ने योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है। इस कोर्स का सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योग एवं मेडिटेशन हम सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में इसको अपनाना चाहिए। इसके पश्चात बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु सोनाली कुमारी, सोनू पंडित एवं सुनील कुमार वर्मा के द्वारा रिपोर्ट प्रेजेंटेशन किया गया । इसी क्रम में प्रशिक्षु शिफा नूरी , रिंकी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल ( अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक) बैचलर ऑफ नैचुरोथेरेपी एंड योग विज्ञान, रायपुर , छत्तीसगढ़ ने कहा कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। योग एवं मेडिटेशन सभी को अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में बी. एड. सत्र 2023- 2025 के प्रशिक्षु अंगुरी खातून, दिलीप साव, इफ्तेकार अंसारी, लक्ष्मण कुमार, महिमा बग्गा, मुकेश दास, राखी कुमारी, रिंकी कुमारी, पुनम कुमारी, नूतन कुमारी, शीतल मोदी, विनीता कुमारी, मो. सम्मीउल्ला,राहुल कुमार, सागर कुमार, सीमा जोजो, राहुल मोदी, रेणु कुमारी, सोहित गुप्ता, शीतल कुमारी, गुलाब कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार, सीमा कुमारी वर्मा , सदाकत अंसारी, पुष्पा कुमारी, जितिन कुमार, विनीता बरनवाल, उमा कुमारी राहुल कुमार आदि एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा आदि एवं प्रोजेक्ट निदेशक भूमिका दागें।


## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**"आवश्यक सूचना"**

एतद् द्वारा सूचित किय जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी के विभिन्न अंचलों से राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती डाक में अलग-अलग पटट्ेदारों द्वारा अलग-अलग वर्षो में लिया गया था एवं समय पर राजस्व जमा नहीं किया गया। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा बार-बार निबंधित नोटिस भेजने के बावजुद भी बकायेदारों द्वारा बकाया राजस्व की राशि कार्यालय में जमा नहीं किया गया।

अतः अंतिम रूप से बकाये पटट्ेदारों को पेपर विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि बकाया राजस्व की राशि सूचना प्रकाशन के उपरांत 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें अन्यथा राजस्व की वसूली हेतु Certificate Case की प्रकिया प्रारम्भ किया जाएगा। जिसके जिम्मेवार आप स्वंय होंगे।

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | बकायेदार का नाम | ग्राम | अंचल | बकाया वर्ष | बकाया राजस्व की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाँसा बाँध 01 | श्री बेचन नायक | हाँसा हरिजन टोली | मुरहू | 2021-22 | 29000.00 |
| 2 | घाघरा बाँध 02 | श्री दुर्गा महतो | घाघरा | मुरहू | 2021-22, 2022-23 | 22550.00 |
| 3 | सरदुला तालाब | श्री अजय कुजुर | सरदुला | कर्रा | 2023-24 | 3600.00 |
| 4 | रोलागुटु तालाब | श्री कुलेन्द्र सिंह | रोलागुटु | कर्रा | 2023-24 | 3600.00 |
| 5 | भुसुर तालाब | श्री मनोज होरो | भुसुर | कर्रा | 2019-20, 2021-22, 2022-23 | 2350.00 |
| 6 | जोकटी तालाब | श्री षिव नारायण नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2021-22, 2022-23 | 1400.00 |
| 7 | लापा तालाब | श्री अजित आईन्द | लापा | कर्रा | 2022-23, 2023-24 | 4600.00 |
| 8 | छोटाबारू तालाब | श्री योगेन्द्र नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2022-23, 2023-24 | 1600.00 |
| 9 | कुजियामा बाँध 01 | श्री बिरबल पुरान | कुजियामा | अड़की | 2023-24 | 19000.00 |
| 10 | कुजियामा पोखर 03 | श्री आषिष महादानी | नौढ़ी | अड़की | 2023-24 | 4500.00 |
| 11 | हालुकोचा पोखर | श्री षीतल माँझी | पुरनानगर | अड़की | 2023-24 | 4400.00 |
| 12 | मिटकोरा तालाब | श्री प्रवीन कुमार सिंह | मिटकोरा | कर्रा | 2022-23, 2023-24 | 2400.00 |
| 13 | ऐराहातु तालाब | श्री जुलियस हेरेंज | ऐराहातु | कर्रा | 2022-23, 2023-24 | 6000.00 |
| 14 | कुदलुम तालाब | श्री प्रभात सिंह | कुदलुम | कर्रा | 2023-24 | 1175.00 |

नोटः- यदि किसी बकायेदार द्वारा राजस्व जमा कर दिया गया है तो प्रमाण स्वरूप रसीद का मुल प्रति 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 324217 Fish(24-25)#D


# चास नगर निगम क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 के पूर्व मंगलवार को चास नगर निगम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रमिकगण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया ने किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे। मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया



ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व सामने हैं। आगामी 25 मई 2024 को बोकारो जिले में मतदान होना है। शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन स्वीप कोषांग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने श्रमिकों को मतदान के महत्व एवं लोकतंत्र के मजबूती को लेकर मतदान करने की महत्ता को बताया। आगामी 25 मई को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रख मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। बिना डर और भय के लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर सभी श्रमिकों को मतदान करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में श्रमिकों द्वारा मतदाता जागरूकता प्रभारी फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी चास नगर निगम क्षेत्र से शुरू होकर आइटीआइ मोड़ जाकर समाप्त हुई। साथ ही, मतदाता जागरूकता को लेकर क्विज प्रतियोगिता,कुर्सी खेल, रंगोली आदि का आयोजन विद्यालय के बच्चों के बीच किया गया। वहीं, सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने फोटो खिंचवाई। मौके पर जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश कुमार, सहायक अपर नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक झलक

### जिला व सत्र न्यायाधीश सेवानिवृत्ति उपरांत अधिवक्ता संघ ने दी भावभीनी विदाई

**पूर्णिया** : पूर्णिया के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति के बाद मंगल को एक सादे समारोह में उन्हें अधिवक्ता संघ ने भाव-भीनी विदाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे। सुजीत कुमार सिंह ने 2022 के सितंबर माह में पूर्णिया में जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था। इससे पूर्व वे मुंगेर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश थे। अपने संबोधन में सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि मेरे लिए गौरव की बात है की मुझे यह कहकर पूर्णिया भेजा गया था कि पूर्णिया एक बड़ा जजसीप है, जाकर संभालिए। यहां मुझे काफी सम्मान मिला। पूर्णिया जजसीप में रहकर मुझे बहुत ही अच्छा लगा और यहीं मुझे सुपर सिलेक्शन ग्रेड भी मिला। इससे बड़ी उपलब्धि मेरे लिए और क्या हो सकता है।

### जेपी नड्डा दो मई को बिहार के अररिया और मुजफ्फरपुर में करेंगे चुनावी जनसभाएं

**पटना** : लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा दो मई को मुजफ्फरपुर और अररिया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जेपी नड्डा पहले अररिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे उसके बाद मुजफ्फरपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नड्डा दो मई को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर हेलिकॉप्टर से पूर्णिया हवाई अड्डा पहुंचेंगे। वे 11 बजकर 35 मिनट पर पूर्णिया से प्रस्थान करेंगे और 11 बजकर 55 मिनट पर अररिया पहुंचेंगे। यहां अररिया के धर्मगंज मेला मैदान, सिकटी में एनडीए उम्मीदवार प्रदीप सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अररिया में जनसभा संपन्न होने के बाद जेपी नड्डा 01 बजकर 45 मिनट पर हेलिकॉप्टर से अररिया से उड़ान भरेंगे और 01 बजकर 50 मिनट पर मुजफ्फरपुर पहुंचेंगे। वे मुजफ्फरपुर के केरमा स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगेंगे। जेपी नड्डा के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

### बालू लोड छह ट्रक को सदर पुलिस ने किया जब्त

**किशनगंज** : सदर थाना की पुलिस ने मंगलवार की सुबह एनएच 27 से बालू लदे छह ट्रकों को जब्त किया है। बालू लदा ट्रक बंगाल से किशनगंज के रास्ते आगे ले जाया जा रहा था। इस दौरान सदर थाने की पुलिस एनएच 27 पर वाहन जांच अभियान चला रही थी। तभी बालू लोडेड ट्रकों को रुकवाकर वाहन चालकों से कागजात की मांग की गई तो वाहन चालक बालू से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद पुलिस ने वाहनों को जब्त कर लिया। वहीं आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग और परिवहन विभाग को पत्राचार किया गया है। वही परिवहन विभाग और खनन विभाग के जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### होमियोपैथिक के जनक डॉक्टर हैनिमैन की मनायी गयी जयन्ती

**पूर्वी चंपारण** : होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) पूर्वी चंपारण शाखा द्वारा होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ हैनीमैन की 269वी जयंती समारोह पूर्वक शहर के एक निजी होटल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार एवं मंच संचालन डॉ. धीरज कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जे.पी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। डॉ.सिंह ने कहा कि डॉ हनीमैन की देन है कि आज होम्योपैथी और होम्योपैथ चिकित्सक दोनों का विकास विभिन्न रोगों को ठीक करने की दिशा तेजी से हो रहा है। चिकित्सा को पठन पाठन करने की आवश्यकता है। इस मौके पर आगामी सत्र 2024-26 हेतु होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया पूर्वी चम्पारण के नये कार्यकारीणी का गठन भी किया गया।

# नवहट्टा में नीतीश ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

एजेंसी

**सहरसा** : लोकसभा चुनाव तृतीय चरण का मतदान होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। जिस कारण सभी राजनीतिक दल जमकर प्रचार कर रहे हैं। भीषण गर्मी एवं तेज धूप के बावजूद राजनीतिक तापमान भी जोरों पर उफान है। इसी कड़ी में मंगलवार को नवहट्टा प्रखंड में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवहट्टा हाई स्कूल मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी दिनेशचंद्र यादव के



समर्थन में जमकर मतदान करने का आह्वान किया। इस चुनावी सभा के मंच पर ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव, एमएलसी विजय चौधरी,मध्य निषेष एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, पूर्व मंत्री सह विधायक आलोक रंजन झा,महिषी विधायक गुंजेश्वर साह भी मौजूद थे। लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरे चरण के तहत 7 मई को मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना सुनिश्चित है, जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री अपने कई मंत्रियों के साथ नवहट्टा हाई स्कूल पहुंच कर एनडीए समर्थित अपने प्रत्याशी दिनेशचंद्र यादव के समर्थन चुनावी सभा को संबोधित किया। साथ ही 7 मई को मतदान के दिन मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से जेडीयू प्रत्याशी दिनेशचंद्र यादव के पक्ष में वोट डालने के लिए जनता से अपील किया। उन्होंने मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा मुस्लिम समुदाय के लिए कोई नही सोचता था। मदरसा में कोई पढ़ाई नही होती थी। हम लोगों ने मदरसा को सरकारी दर्जा देना का काम किया। उसमें मुस्लिम समाज के लोगों को रोजगार देने के लिए शिक्षक की बहाली किया। उन्हें भी सरकार की तरफ पेमेंट मिल रहा है।कब्रिस्तान की घेरा बन्दी करवाया। जरा आप सोचिए पहले बात-बात पर हिंदू मुस्लिम में कितना झगड़ा झंझट होता था। उस झगड़ा झंझट को खत्म करवाया सभी समुदाय के लोग अब शान्ति से रहने लगे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार ने लालू यादव परिवार पर जमकर बरसते हुए कहा उन्हें सिर्फ अपनी बेटा बेटियों की ही चिंता है।वे अपने बेटा बेटियों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।उन्हें बिहार और बिहार वासियों की कोई चिंता नही है। आगे उन्होंने लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा इतना कोई बच्चा पैदा करता है।

## प्रचंड गर्मी और तेज लू के चलते पटना में पूर्वाह्न 10:30 बजे तक चलेंगी एक से दसवीं तक की कक्षाएं

एजेंसी

**पटना** : बिहार में इन दिनों प्रचंड गर्मी और तेज लू से लोग काफी परेशान हैं। इस मौसम का प्रतिकूल प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने की संभावनाओं को देखते हुए पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को आदेश जारी कर प्राथमिक से 10वीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन पूर्वाह्न 10:30 बजे तक करने का आदेश दिया है। साथ ही 11वीं और 12वीं तक की कक्षाओं के संचालन में भी बड़ा बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी ने 11वीं और 12वीं की सभी कक्षाओं को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित करने की अनुमति दी है। उन्होंने आदेश में यह भी कहा है कि पूर्वाह्न 11:30 से शाम 4:00 बजे तक किसी भी सरकारी और निजी स्कूलों में किसी भी कक्षा का संचालन नहीं किया जाएगा। हालांकि, शाम चार बजे के बाद स्कूलों में शिक्षण कार्य किया जा सकता है लेकिन पटना में किसी भी सरकारी या निजी स्कूलों में शाम चार बजे के बाद कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाता है। इस अवधि में कोचिंग संस्थानों में बच्चों की पढ़ाई जरूर होती है। पटना डीएम का यह आदेश एक मई से लागू होगा और आठ मई तक प्रभावी रहेगा।

# ट्रैक्टर मालिक पर ड्राइवर की पीट-पीटकर हत्या का आरोप

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के पीपरा थाना क्षेत्र के भेरखिया गांव में एक ट्रैक्टर मालिक पर ड्राइवर की पत्नी ने अपने पति की पीट पीट कर हत्या का आरोप लगायी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ड्राइवर का शव ट्रैकट्रर मालिक के घर के समीप मक्के के खेत से बरामद किया गया है। वही इस घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक फरार बताया गया है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पीपरा थाना पुलिस ने शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान भेरखीया गांव निवासी 28 वर्षीय गोली मांझी के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी सीमा देवी के अनुसार मेरे पति राजन राय के यहां नामक काफी दिन से ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। वो कल काम करने नहीं जा रहे थे, उन्होने बताया था,कि वहां मजदूरी का पैसा नहीं मिलता है,जब भी मजदूरी मांगते है,तो ये लोग गाली गलौज करते है। लेकिन सोमवार की शाम पांच बजे के करीब राजन राय मेरे घर आया और जबरन उनको बुलाकर अपने साथ ले गया। मंगलवार की सुबह पता चला की उनका शव मक्के के खेत में पड़ा हुआ है। उनके सिर में गंभीर चोट लगा था। जिससे पता चलता है की उनकी दूसरे जगह पर हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। इस बाबत पीपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिली की एक युवक का हत्या कर शव को छिपाया गया है।काफी खोजबीन के बाद उसका शव मक्का के खेत से बरामद हुआ, परिजन को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन के तरफ से आवेदन मिलने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव लड़नेवाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर रहेगी पैनी नजर : प्रेक्षक

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, पारदर्शी, भय मुक्त एवं प्रलोभन मुक्त संपन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 03-पूर्वी चंपारण एवं 04-शिवहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षकगण के द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण की उपस्थिति में अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी,फ्लाइंग स्क्वायड, स्टेटिक सर्विलांस टीम, अकाउंटिंग टीम, वीडियो भ्युइंग टीम के साथ बैठक कर समीक्षा की गई और आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों के बारे में कई निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने बताया कि निर्वाचन में व्यय



अनुश्रवण महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका निष्पादन कुशलतापूर्वक व सामग्रियों के निर्धारित दर के अनुरूप करना चाहिए। रैली एवं अन्य आयोजनों की सूचना संबंधित टीम को पहले से दे दी जाएगी। टीम के सदस्य निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे और स्टेज सहित सभी चीजों/सामग्रियों जैसे- फ्लेक्स बैनर कुर्सी कूलर टेंट पंडाल आदि का बड़ी सावधानी से वीडियोग्राफी कर इसे वीडियो व्यूइंग टीम को भेजें। ताकी इसकी सूची बनाकर अकाउंटिंग टीम को भेजा जा सके। फिर निर्धारित दर के अनुरूप व्यय का आकलन किया जाएगा। इस दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टेटिक सर्विलांस टीम भी लगातार सक्रिय रहेगी। एसएसटी की टीम वाहनों के साथ-साथ संदेह होने पर एंबुलेंस की भी सावधानी से जांच करेगी और जांच की पूर्ण वीडियोग्राफी करेगी। सभी टीम प्रतिदिन दिए जाने वाले प्रतिवेदनों को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी।साथ ही पेड न्यूज,सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में निकलने वाले विज्ञापनों का व्यय भी प्रत्याशी के व्यय खाता में जोड़ा जाएगा। एसपी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं समारोह पर भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के लोग अपने व्यवहार को अच्छा रखेंगे और धैर्य का परिचय देंगे। सभी लोग समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में कार्य करेंगे।

## खुशकीबाग फल-मंडी के अग्निपीड़ितों से मिले निवर्तमान सांसद, कहा : मिलेगी हर सम्भव सहायता

एजेंसी

**पूर्णिया** : निवर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा दिल्ली से लौटने के बाद सीधे खुशकीबाग फल मंडी पहुंचे जहां रविवार की देर रात अगलगी की घटना में 80 से अधिक कारोबारियों की करोड़ों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी।श्री कुशवाहा सभी पीड़ितों से मिले और उनके नुकसान के बाबत विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। प्रभावित कारोबारियों की व्यथा सुनकर श्री कुशवाहा भी द्रवित हो गए। उन्होंने दुःख जताते हुए कहा कि इतने बड़े नुकसान की भरपाई कठिन है लेकिन उनकी कोशिश होगी कि न केवल पीड़ितों को अधिकाधिक आर्थिक मदद मिले बल्कि भविष्य में इस तरह की घटना को रोका जा सके इसकी भी मुकम्मल व्यवस्था हो। श्री कुशवाहा ने कहा कि वे पीड़ितों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि बाजार समिति परिसर में जो दुकानें निमार्णाधीन है ,उसमें उन पीड़ितों को भी यथासंभव स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा राज्य सरकार के समक्ष भेजा गया एक प्रस्ताव भी लंबित है जिसमें बाजार समिति की खाली जमीन में एक साथ फल मंडी,सब्जी मंडी और मांस-मछली मंडी को समायोजित किया जाय।यह बाजार आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा जहां इस तरह की दुर्घटना नहीं के बराबर होगी।

# रेड क्रॉस ने 34 अग्नि पीड़ित परिवार के बीच किया राहत वितरण



एजेंसी

**सहरसा** : महिषी प्रखंड के भेलाही एवं आरापट्टी गांव में आगलगी की घटना पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी सहरसा के चेयरमेन डॉ अबुल कलाम के नेतृत्व में महिषी पंचायत भवन स्थल पर जाकर 34 पीड़ित परिवारो के बीच राहत वितरण कार्य किया गया। कोषाध्यक्ष डॉ रामजी प्रसाद, कार्यालय प्रभारी रहमान आलम एवं स्थानीय भेलाही मुखिया मो हिदायतुल्लाह,भूतपर्व मुखिया मो इनामूल हक,आरापट्टी मुखिया मो इहहया, स्थानीय निवासी मो रज्जाक, मो इमरान भोलेन्टियर मो मोतीउर्रहमान की उपस्थिति में राहत सामग्री तारपोलीन सीट, खाने का स्टील बर्तन, हाईजीन कीट नहाने एवं कपड़ा धोने का साबुन, टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, रेजर, स्त्री पेड, नारियल तेल आदि का वितरण किया गया। रेड क्रॉस के चेयरमेन डॉ अबुल कलाम ने कहा कि इस भीषण गर्मी एवं पछिया हवा के कारण प्रायः आगजनी की घटना होती है। इसलिए आप लोग इसके प्रति सजग रहे, लापारवाही ना बरतें। घरों में बिजली कनेक्सन का लूज वायर ना रखे। खाना पकाने के बाद लकड़ी को पूर्ण रूपेण बुझा दे। इस आपदा की घड़ी में राहत सामग्री पाकर पीड़ितो के चेहरे पर हर्ष देखा गया। पीड़ितों ने कहा कि हमें पूरा भरोसा था कि इस आपदा की घड़ी में रेड क्रॉस सोसाईटी हमारी मदद निश्चित रूपेण करेगी।

## गांजा तस्करी मामले में एक को दस वर्षो सश्रम कारावास

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : बारहवीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस एक्ट कोर्ट 1 के विशेष न्यायाधीश नूर सुल्ताना ने गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास व दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा कोटवा थाना के बंगरा निवासी अनिल पाण्डेय को हुई। इस मामले में मद्य निषेध निरीक्षक विजय कुमार चौधरी ने एनडीपीएस 39/2019 दर्ज कराते हुए अनिल पाण्डेय सहित बंजरिया थाना के पंचरुखा निवासी चंद्रिका प्रसाद उर्फ बाबा उर्फ मुखिया जी एवं रतनपुर निवासी मुन्ना पटेल को नामजद किया था, जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना के आधार पर 28 अप्रैल 2019 की सुबह 4.50 बजे कोटवा रोड़ में तुरकौलिया थाना के गोपाल चौक के पास सघन वाहन जांच शुरू किया गया। थोड़ी देर बाद एक बोलेरो जीप आया। संदेह के आधार पर चालाक को अभिरक्षा में लेकर गाड़ी की जांच किया गया तो गाड़ी से पांच पॉकेट में पचास किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में चालाक ने अपने दो सहयोगियों का नाम बताया। वाद विचारण के दौरान अनिल पाण्डेय को छोड़कर अन्य दोनों अभियुक्तों का वाद पृथक हो गया, जो अन्य न्यायालय में लंबित है।

# सलखुआ थाना क्षेत्र के धार में डूबने से बच्चे की मौत

एजेंसी

**सहरसा** : सलखुआ थाना अंतर्गत गोरदह पंचायत के गोरियारी गांव में मंगलवार को धार में नहाने के दौरान एक दस वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर बाद उस वक्त हुई जब बालक घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित चिकनी धार में नहाने के लिए गया हुआ था। मृत बालक जिले के कोरलाही गांव के वार्ड संख्या 39 निवासी राहुल कुमार का दस वर्षीय पुत्र देवराज कुमार था। घटना के संबंध में मृत बालक की मां रुणा देवी ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ सोमवार को अपने मायके सलखुआ थाना क्षेत्र के गोरियारी गांव आई हुई थी। जहां उसने मनोकामना पूर्ण होने पर अपने मायके में पूजा अर्चना की। इसी दौरान मंगल को उसका दस वर्षीय पुत्र देवराज गांव के ही अन्य बच्चों के साथ घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित चिकनी धार में नहाने के लिए चला गया। जैसे ही वह धार में नहाने के लिए गया कि अचानक बालक गहरे पानी में चला गया। गहरे पानी में जाता देख वहां मौजूद बच्चों ने शोर मचाना शुरू किया। जिसके बाद आसपास के लोग दौर कर धार के पास पहुंच कर बालक को निकाला। जब तक धार में से बालक को निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद घटना की सूचना मृत बालक के परिजन को दी। घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृत बालक की मां रुणा देवी रोते बिलखते कह रही थी कि हमको मेरा पुत्र चाहिए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हर कोई मृतक बालक के मां को ढांढस बनाते नजर आए। मृत बालक दो भाई बहन में छोटा था। घटना के बाद सलखुआ पुलिस शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज मामले की छानबीन में जुट गई है।

# लूट कांड में कोढा गैग के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**सहरसा** : जिले के पुलिस की तत्परता के कारण 12 घंटे के भीतर लूट में शामिल दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया।उसके पास से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाईकिल और मोबाइल बरामद किया गया है।इस बात की जानकारी मंगलवार को साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि रविवार को समय अपराहन करीब 13:40 बजे सोनवर्षाराज थानान्तर्गत एक बाईक सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा एसबीआई सीएसपी संचालक से एक लाख रुपए लूट लेने की घटना प्रतिवेदित हुई।इस संबंध में सोनवर्षाराज थाना मे प्राथमिकी दर्ज किया गया।घटना के सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस



द्वारा उक्त स्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई एवं घटना में शामिल अपराधकर्मियों की पहचान कर ली गई। टीम में शामिल थानाध्यक्ष सोनवर्षाराज एवं अन्य पदाधिकारीयों के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर घटना में शामिल अपराधकर्मियों को जिले के बसनही थाना क्षेत्र अन्तर्गत महुआ बाजार के समीप गैरेज के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसमें अनीश कुमार उर्फ आर्यन कुमार, पुत्र कन्नू उर्फ बच्चू यादव, नया टोला, जुराबगंज, वार्ड 1, तथा नैशु उर्फ नैतिक कुमार पिता रॉबिन यादव नया टोला जुराबगंज वार्ड -01 थाना-कोढा जिला-कटिहार का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधकर्मी नैशु उर्फ नैतिक कुमार पे रॉबिन यादव द्वारा अपने स्वीकारोक्ती बयान में यह स्वीकार किया गया कि इस घटना में अन्य दो अपराधकर्मी भी शामिल थे। जो भागने में सफल रहे, जिसकी गिरफ्तारी एवं लूटी हुई राशि की बरामदगी हेतु छापामारी की जा रही है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी नैशु उर्फ नैतिक कुमार एवं अनीश कुमार उर्फ आर्यन कुमार का अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके उपर सोनवर्षाराज, काशनगर, बसनही थाना मे कई संगीन मामले दर्ज है।उन्होंने बताया कि इस छापेमारी टीम मे सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष पुनि जयशंकर कुमार,बसनही थानाध्यक्ष पुनि संतोष कुमार निराला, सोनवर्षाराज थाना के पुअनि विवेक कुमार, आकांक्षा कुमारी एवं सिपाही विकास कुमार शामिल रहे।

# आदर्श मिथिला पार्टी उम्मीदवार ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाने में झोंकी ताकत

एजेंसी

**सहरसा** : मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को चुनाव कराए जायेगें। जिसे देखते हुए सभी प्रत्याशी मैदान में चुनाव प्रचार कर मतदाताओ को गोलबंद कर रहें है। चुनाव मैदान में एनडीए एवं राजद उम्मीदवार के बीच कड़ी टक्कर होने के आसार है।वही मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए आदर्श मिथिला पार्टी उम्मीदवार ई सुरेश्वर पोद्दार अथक प्रयास में लगे है। श्री पौद्दार गैस चुल्हा चुनाव चिन्ह पर मतदान करने के लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान चला रहे है।ई सुरेश्वर पोद्दार ने कहा कि मैने सरकार के ईजीनियर पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होकर समाज सेवा मे आया हू।मेरे पास विगत 40 वर्ष का अनुभव प्राप्त



है। जिसका लाभ जनता को अवश्य मिलेगा।उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य अलग मिथिला राज्य निर्माण कार्य है।अलग राज्य होने से इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा।इसके लिए व्यापक रूप से रोडमैप तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत हर जिले में कल कारखाने लगाकर पलायन की समस्या का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर में लगने वाली जाम की समस्या को भी अंडरपास बनाकर दूर किया जाएगा। ल पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मिथिला राज्य निर्माण के लिए यहां के लोग काफी उत्सुक होकर मुझे अपना जन समर्थन दे रहे हैं। जिससे मैं काफी उत्साहित हूं।इस अवसर पर श्रीकांत पोद्दार एवं पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि मिथिला एवं मैथिली को बढ़ावा देने के लिए अलग मिथिला राज निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बिहार सरकार द्वारा जो बजट बनाया जाता है। इसका अधिकांश भाग मगध क्षेत्र में खर्च किया जाता है।जबकि मिथिला क्षेत्र को की अनदेखी की जा रही है।इसलिए आजादी के इतने वर्ष के बावजूद मिथिला वासी को आवश्यक मूलभूत सुविधा नही मिली है।इसके लिए इस बार आदर्श मिथिला पार्टी को वोट देने के लिए अपील किया जा रहा है। इस मौके पर शंभू कुमार शिवनंदन पोद्दार सहित अन्य लोगों ने मिथिला राज्य गठन को अनिवार्य बताते हुए भाषा साहित्य व संस्कृति के आधार पर अलग राज्य निर्माण को अनिवार्य बताया। श्री पौद्दार ने बताया कि मिथिला के छोटे छोटे दल व सामाजिक संगठन को मिलाकर मिथिला डेमोक्रेटिक एलायंस बनाकर अलग राज्य निर्माण के लिए व्यापक संघर्ष किया जाएगा।

## पूर्णिया विधायक ने फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तैयारी की समीक्षा की

एजेंसी

**अररिया** : अररिया लोकसभा के फारबिसगंज विधानसभा में भाजपा चुनाव पदाधिकारी के साथ पूर्णिया विधायक विजय खेमका ने चुनावी तैयारी की समीक्षा की। फारबिसगंज शहर के मार्केट यार्ड में आलू प्याज किराना मंडी के व्यवसायी, उद्यमी एवं एफसीआई के मजदूरों से पूर्णिया विधायक विजय कुमार खेमका, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की।पूर्णिया सदर विधायक विजय कुमार खेमका ने कहा अररिया, बिहार सहित देश में मोदी की गारंटी की लहर चल रही है।मोदी की सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आये है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है तथा विदेशों से आयात कम हुआ है और स्वदेशी उत्पादन का निर्यात काफी बढ़ा है।श्री खेमका ने कहा एक देश एक टैक्स लागू होने से अफसरशाही पर लगाम लग गया है तथा आयकर प्रणाली को सरकार ने सरल बनाया है। विधायक ने कहा कि महागठबंधन के उम्मीदवार में परिवाद की लड़ाई है।चौबीस घंटा बिजली के युग में आरजेडी के उम्मीदवार अररिया में लालटेन लेकर घूम रहे है। अररिया की जनता जंगल राज को भूली नहीं है। मौके पर भाजपा नेता मनोज झा, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बुलबुल यादव, अभिमन्यु कुमार, बिरेंद्र प्रसाद मिंटू, प्रदीप राठी, मनीष अग्रवाल, राजू भगत, राजेश कुमार केशरी, संजय अग्रवाल, रमाकांत साह, अशोक कुमार गुप्ता एवं अमित निराला उपस्थित रहे।

# पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके



एजेंसी

**चेन्नई** : आईपीएल में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम ने अपने पिछले मुकाबले में यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिससे वह अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी। इस मैच में सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा शिवम दुबे, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र पर रहेगी। रविन्द्र अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में जमकर रन बनाना रहेगा। वहीं गेंदबाजी की कमान मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना आदि पर रहेगी। उसे पंजाब के निचले क्रम के बल्लेबाजों आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पर अंकुश लगाना होगा क्योंकि ये दोनो ही आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिला देते हैं। सुपरजाइंट्स के खिलाफ कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रनों की शानदार पारी खेली थी जबकि गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए थे। यहां की पिच गेंदबाजों के लिए सहायक रहती है जिसका लाभ भी सीएसके के गेंदबाज उठाना चाहेंगे। यहां ओस नहीं पड़े तो फिर दूसरी पारी में रन बनाना कठिन होता है। ऐसे में टॉस की अहम भूमिका रहेगी और पहले गेंदबाजी करने वाली टीम लाभ में रहेगी हालांकि ओस गिरने पर हालात बदल जाते हैं। इस मैदान पर सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 200 से अधिक रन बनाये थे। इससके बाद उसने अच्छी गेंदबाजी कर सनराइजर्स को हराया था। ऐसे में पंजाब के लिए चेपॉक पर खेलना आसान नहीं रहेगा। पंजाब ने हालांकि इस सत्र में एक बार लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है और वह जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी।

पंजाब की बात करें तो टीम की बल्लेबाजी जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह के अलावा शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा पर आधारित रहेगी ज ब ा िक गेंदबाजी की कमान सैम कुरेन, कागिसो रबादा जैसे खिलाड़ियों के पास रहेगी।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

**पंजाब किंग्स**

शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।



## एक झलक

### पीजीडीएवी ए टीम ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को 10 विकेट से हराया

**नयी दिल्ली** : मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज (प्रातः) की ए टीम ने दूसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट स्टीफंस कॉलेज को दस विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट स्टीफंस कॉलेज ने 20 ओवर में 95 रन का स्कोर बनाया। ध्रुव मल्होत्रा और पार्थ वढेरा ने क्रमशः 11 और 13 रन देकर 3-3 विकेट लिए। पीजीडीएवी (ए) ने बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से मैच जीत लिया। उनकी ओर से अभीक ने सिर्फ 32 गेंदों में 78 रन बनाए। पीजीडीएवी कॉलेज (ए) टीम के अभीक को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### कुलदीप ने नौवें नंबर पर खेली शानदार पारी

**नयी दिल्ली** : आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम की ओर से कुलदीप यादव ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में जब शीर्ष बल्लेबाज विफल हो गये तक दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने 20 गेंद पर 27 रन की पारी खेली। इसके बाद 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप ने टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। कुलदीप ने 26 गेंद पर उन्होंने 5 चौके और 1 छक्के की सहायता से 35 रन बनाये। उन्होंने टीम को ना केवल ऑलआउट होने से बचाया बल्कि लिजाड विलियम्स के साथ मिलकर स्कोर को 153 रन तक भी पहुंचाया। दिल्ली की तरफ से कुलदीप सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी रहे। पिछले कुछ माह में कुलदीप का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इससे वह तीनों ही प्रारुपों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। अब तक इस आईपीएल सत्र के 8 मैच खेलकर उन्होंने 12 विकेट लिए हैं. इसमें 55 रन देकर 4 विकेट कुलदीप का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा है।

### रोहित ने कहा : विराट टी-20 विश्वकप के लिए चाहिये

**नयी दिल्ली** : आईपीएल के इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाने के बाद भी अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के कम स्ट्राइक रेट पर सवाल उठते रहे हैं। इसी कारण कुछ लोगों को मानना है कि विराट को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये पर टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऐसे लोगों से सहमत नहीं हैं। रोहित ने कहा है विराट सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जिन्हें हम हर जरुर शामिल करना चाहेंगे। गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वपकप में भी विराट ने अहम भूमिका निभाई थी। इसी कारण रोहित ने कहा है कि उन्हें टीम में विराट जरूर चाहिए। एक रिपोर्ट के मुताबिक रोहित इसलिए विराट को टीम में रखना चाहते हैं क्योंकि उनका टेंपरामेंट कमाल का रहा है। विराट आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप 2022 के बाद से ही भारत की ओर से केवल 2 टी20 खेले हैं। इसी कड़ी में साल 2022 के टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया था।

### अंगकृष ने पोंटिंग से लिये बल्लेबाजी टिप्स

**कोलकाता** : कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के युवा क्रिकेटर अंगकृष रघुवंशी ने इस बार अपने खेल से सभी का प्रभावित किया है। अंगकृष दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद कैपिटल्स के कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के पास पहुंचे और उनसे बल्लेबाजी टिप्स लिए। वहीं पोंटिंग ने भी उन्हें निराश न करते हुए अच्छे से पुल शॉट मारने की तकनीक बतायी। अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अंगकृष हमेशा ही अनुभवी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ से सलाह लेना नहीं भूलते हैं। केकेआर में उन्हें बल्लेबाजी को लेकर कोच रमाकांत पंडित और गौतम गंभीर से भी टिप्स मिलती रही हैं। अंगकृष ने अब तक इस सत्र में केकेआर की ओर से कुल 8 मैचों में खेलते हुए 161.64 के स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए हैं।

# पंड्या को बेहतर प्रदर्शन की शर्त पर ही मिलेगी टीम इंडिया में जगह

एजेंसी

**मुम्बई** : हार्दिक पंड्या के टी20 विश्वकप के लिए टीम चयन पर संशय बना हुआ है। माना जा रहा है कि चयनकर्ता इसी शर्त पर पंड्या को शामिल करना चाहते हैं कि वह अच्छी गेंदबाजी करें। पिछले कुछ समय से पंड्या अपनी खराब फिटनेस और फार्म को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। आईपीएली में भी वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी में विफल रहे हैं। चयनकताओं की नजर उनकी गेंदबाजी पर खास तौर पर है। माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ भी हार्दिक को लेकर चयनकताओं की शर्त से सहमत हैं। भारत की तरफ से 92 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद भी उनके खाते में प्रति मैच 1 विकेट तक नहीं है। उन्होंने अब तक केवल 73 विकेट ही लिए हैं। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो वह प्रति मैच 30 रन भी नहीं बना पाए हैं। उनका औसत 25.43 का है, इस प्रकार अब तक खेले मैच में वह औसतन 25 रन ही बना पाए हैं। पंड्या ने अब तक 46 रन की सबसे बड़ी पारी खेली है। 9 मैच खेलने के बाद भी वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये है।



## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी क्वान कीडो टूर्नामेंट

# वाराणसी के आदर्श ने जीता स्वर्ण, अदिति ने हासिल किये तीन रजत

एजेंसी

**वाराणसी** : श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय, राजस्थान में 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी क्वान कीडो प्रतियोगिता में वाराणसी के आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के आदर्श सोनकर और अदिति सोनकर ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। अदिति ने प्रतियोगिता में तीन रजत पदक हासिल किये। दोनों ही खिलाड़ी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कला संकाय के विद्यार्थी हैं। आदर्श ने पुरुष फाइट वर्ग के -83 किलोग्राम भार-वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और अदिति ने तीन अलग- अलग वर्गों (महिलाओं के व्यक्तिगत -59 किलोग्राम भार वर्ग, टीम फाइट वर्ग और टीम क्वान) में रजत पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों का वाराणसी लौटने पर अभिभावकों और अन्य खिलाड़ियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आदर्श और अदिति के कोच अरविंद ने बताया कि ये दोनों ही खिलाड़ी ने पहली बार क्वान कीडो के किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है और इनका प्रदर्शन काफी अच्छा था। कोच ने उम्मीद जताई कि ये दोनों भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



# मयंक यादव हुए फिट, मुम्बई के खिलाफ मैदान में उतरेंगे



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लखनऊ सुपरजायंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव फिटनेस जांच में पास हो गये हैं और एक बार फिर मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक आज मुम्बई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में भी उतरेंगे। मयंक की वापसी से लखनऊ की गेंदबाजी मजबूत होगी। मयंक ने शुरूआती दो मैच में आक्रामक गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इससे मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। लखनऊ के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि मयंक ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। ऐसे में लखनऊ को उम्मीद रहेगी की ये गेंदबाज पहले दो मैचों की तहर ही इस मैच में भी बेहतर गेंदबाजी करेगा। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम 9 मैच से 10 अंक लेकर अंक तालिका में पांचवें नंबर पर है। मुंबई पर जीत से उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें बेहतर हुई हैं। वहीं मुंबई इंडियंस अभी 9 मैच में 6 अंक लेकर अंक तालिका में नौवें नंबर पर है। अब एक भी हार से वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। मयंक ने आईपीएल 2024 में दो बार 155 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। 21 साल के मयंक ने इस सत्र में 3 मैच खेले हैं।

# उबेर कप बैडमिंटन : भारतीय महिला टीम चीन से हारी, ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही

एजेंसी

**चेंगदू** : बीडब्ल्यूएफ उबेर कप 2024 में अपना क्वार्टरफाइनल स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी युवा भारतीय महिला टीम ने ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में मजबूत और मेजबान चीन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और नॉकआउट चरण के लिए तैयारी कर ली। 25 वर्ष से कम की औसत आयु वाली भारतीय टीम ने दुनिया के सभी शीर्ष-10 रैंक वाले खिलाड़ियों से सजी चीनी टीम को अच्छी टक्कर दी, हालांकि टीम 0-5 से हार गई और ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही, लेकिन क्वार्टर फाइनल से पहले इस मैच से युवा भारतीय टीम को बहुत सी सकारात्मक बातें सिखने को मिलीं। शुरूआती एकल मुकाबले में, इशारानी बरुआ ने ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई का सामना किया और पहले गेम में 6-4 की बढ़त भी बनाई, लेकिन फिर चीनी खिलाड़ी ने मैच पर कब्जा कर लिया और अंत में मैच 21-12, 21-10 से जीत लिया। मैच के बाद इशारानी ने कहा, यह पहली बार था जब मैं इतने बेहतरीन खिलाड़ी के साथ खेल रही थी। मैच की गति काफी तेज थी, लेकिन मैंने जितनी गलतियाँ कीं, उससे मैं खुश नहीं हूँ। जब भी मैं लंबी रैलियाँ खेल पाती, तो मेरे पास अंक जीतने का मौका होता। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को चेन किंग चेन और जिया यी फैन की दुनिया की नंबर 1 जोड़ी के खिलाफ 21-13, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा, इससे पहले अनमोल खरब को दूसरे एकल में हान यू के खिलाफ दूसरे गेम में चोटिल होकर रिटायर होना पड़ा।



# भारतीय क्रिकेट जगत ने रोहित शर्मा को उनके 37वें जन्मदिन की दी बधाई




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट जगत ने कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार को उनके 37वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'हिटमैन' को अपनी शुभकामनाएं देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 472 अंतरराष्ट्रीय मैच, 18,820 अंतरराष्ट्रीय रन, 48 अंतरराष्ट्रीय शतक, तीन वनडे दोहरे शतक बनाने वाले एकमात्र क्रिकेटर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट किया, भारतीय क्रिकेट की अजेय शक्ति, हमारे कप्तान, रोहित शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका नेतृत्व, कौशल और अडिग भावना हमारी टीम की धड़कन है। सीमाओं को तोड़ने और इतिहास रचने के एक और साल के लिए शुभकामनाएं! चमकते रहो, हिटमैन!, रोहित की कप्तानी में पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने वाली फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस (एमआई) ने भी रोहित और उनके सभी प्रशंसकों को ₹हिटमैन डे₹ की शुभकामनाएं दीं। एमआई ने ट्वीट किया, आज हिटमैन डे है, 45 वर्षीय रोहित शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर, जो रोहित के साथ 2007 टी20 विश्व कप विजेता टीम और 2011 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे, ने लिखा, ₹जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं रोहित। आपके स्वास्थ्य और खुशी की कामना करता हूं! धन्य रहें! भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी रोहित को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। युवराज ने ट्वीट किया, जन्मदिन मुबारक भाई! आपकी बल्ले से निकलने वाली बड़ी हिट की तरह खुशी और सफलता भी सहजता से बहे! ढेर सारा प्यार। 2007 में, रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उस वर्ष उन्होंने टी-20 विश्व कप 2007 में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। रोहित ने अपने तीन मैचों में, 88 रन बनाए और नाबाद रहे। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बाद चैंपियनशिप मैच में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 16 गेंदों में 30* रन बनाकर अपनी टीम की जीत में मजबूत योगदान दिया। रोहित अपने करियर के पहले छह वर्षों तक, मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते थे। हालांकि, 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, जहां उन्हें शिखर धवन के साथ ओपनिंग करने का अवसर मिला, ने उनके करियर ग्राफ को तेजी से ऊपर की ओर भेज दिया।

# स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक नियुक्त हुए वी.के. महेंद्रू

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : स्पेशल ओलंपिक भारत ने मंगलवार को वी.के. महेंद्रू को संगठन का नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में, महेंद्रू संगठन और प्रबंधन के सभी पहलुओं की देखरेख करेंगे। साथ ही वह एक संरक्षक के रूप में भी काम करेंगे। पीईसी चंडीगढ़ से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक और बाद में प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त करने के साथ, महेंद्रू ने ओएनजीसी में एक सिविल इंजीनियर के रूप में अपना करियर शुरू किया और कॉर्पोरेट खेल प्रमुख, सतर्कता विभाग के प्रमुख, कॉर्पोरेट और संसदीय मामलों के प्रमुख और अंत में कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रमुख पदों पर रहे। इस दौरान महेंद्रू ने मुंबई के क्षेत्रीय कार्यालय का नेतृत्व किया जो ओएनजीसी का सबसे प्रमुख और लाभदायक कार्य केंद्र है। उनकी मजबूत प्रशासनिक क्षमताएं, संचार कौशल, टीम निर्माण और नैतिकता और ईमानदारी का सख्त पालन उन्हें स्पेशल ओलंपिक भारत को निरंतर गुणवत्तापूर्ण विकास के मार्ग पर ले जाने में काफी हद तक सक्षम बनाता है।



## केकेआर के खिलाफ मिली हार पर डीसी बॉलिंग कोच होप्स ने कहा

# हमने एक मौका गंवा दिया

एजेंसी

**कोलकाता** : घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सोमवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप यादव की 26 गेंदों पर नाबाद 35 रनों की पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 153 रन बनाए। हालांकि, घरेलू टीम ने फिल साल्ट के 33 गेंदों पर 68 रनों की बदौलत 16.3 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने के फैसले को लेकर, दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच जेम्स होप्स ने फ्रैंचाइजी द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, "इसके पीछे सोच यह थी कि हम बोर्ड पर बड़ा स्कोर लगायें और फिर उसे बचाने की कोशिश करें, क्योंकि हमें पता था कि बहुत ज्यादा ओस नहीं पड़ने वाली है।" उन्होंने आगे कहा, "जब हमने बल्लेबाजी शुरू की तो हमें पता था कि हमें शायद 200 का स्कोर बनाना होगा। हमने शायद थोड़ा ज्यादा लक्ष्य रखा और जल्दी से यह नहीं समझ पाए कि विकेट स्पिनरों के लिए अनुकूल था। हमारे पास खुद दो अच्छे स्पिनर थे, और शायद 180 से 210 के स्कोर का लक्ष्य रखना ज्यादा यथार्थवादी और बचाव करने योग्य था।" दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक अपने 11 मैचों में से छह मैच हारे हैं, पांच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर है। होप्स ने कहा, "हमारा भाग्य अभी भी हमारे हाथों में है। अगर हम तीन गेम जीत सकते हैं और 16 अंक प्राप्त कर सकते हैं, तो यह काफी अच्छा होना चाहिए। लेकिन अब हमारे पास एक सप्ताह का अवकाश है, जहां हम फिर से समायोजन कर सकते हैं और देख सकते हैं कि हमें किसी चीज के बारे में थोड़ा अलग तरीके से सोचने की जरूरत है या नहीं।

# दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम, एडेन मार्करम होंगे कप्तान

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोट्र्जे नौ महीने की अनुपस्थिति के बाद 2024 टी20 विश्व कप के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मंगलवार को टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे नोट्र्जे को दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया है। टीम का नेतृत्व एडेन मार्कराम करेंगे। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन, दोनों ने इस साल के एसए20 में शानदार प्रदर्शन किया है, को भी टीम में शामिल किया गया है और वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को तैयार हैं। रिकेल्टन एसए20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वह हाल ही में संपन्न हुए सीएसए टी20 चैलेंज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे और संभवतः वे शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक के साथ जोड़ी बनाएंगे।



# टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## टी-20 विश्व कप

### पंत-सैमसन को मौका, केएल राहुल बाहर



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। विश्व कप का आयोजन 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में किया जाएगा। रोहित शर्मा इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या उनके डिप्टी होंगे। भारत ने ऋषभ पंत और संजू सैमसन सहित दो विकेटकीपरों को अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जो मौजूदा आईपीएल 2024 में रन बना रहे हैं, को भी टीम में शामिल किया गया है। पंत 2022 में उत्तराखंड में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार दुर्घटना के लगभग 16 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुना है। चहल को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए टीम में चुना गया है। भारत इस टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह की अगुआई में दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसमें अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज भी शामिल हैं। सैमसन को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है, जबकि चयनकताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को नजरअंदाज किया है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। भारत अपना विश्व कप अभियान 5 जून 2024 को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा, इसके बाद 9 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है।

**आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**

**रोहित शर्मा** (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज।

**रिजर्व** : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।



मैड्रिड में डब्ल्यूटीए टूर में खेलती हुई अमेरिका की कोको गॉफ।

## एक झलक

### आरईसी का मुनाफा मार्च तिमाही में 33 फीसदी बढ़ कर 4,079 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आरईसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में आरईसी का मुनाफा 33 फीसदी बढ़कर 4,079.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विद्युत मंत्रालय के तहत आने वाली आरईसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में आरईसी का एकीकृत शुद्ध लाभ 33 फीसदी बढ़कर 4,079.09 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 3,065.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल इनकम 12,706.66 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,254.63 करोड़ रुपये रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ 14,145.46 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 11,166.98 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी की आय बढ़कर 47,571.23 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 39,520.16 करोड़ रुपये रही थी।

### अब ऑस्ट्रेलिया भी एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की करेगा जांच

**नयी दिल्ली :** दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद विवादों में हैं। सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की जांच की आंच अब ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड तक पहुंच चुकी है। हालांकि, एमडीएच ने पिछले हफ्ते जारी स्पष्टीकरण में अपने उत्पादों में किसी हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस तरह के आरोप लगाने का कोई ठोस आधार नहीं है। खाद्य मानक ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड (एफएसएएनजेड) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से उत्पादित मसालों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार हांगकांग और सिंगापुर की तरह ही कार्रवाई के बाद ऑस्ट्रेलिया में इन उत्पादों को बाजार से वापस मंगाया जा सकता है। आस्ट्रेलिया में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वो जांच के बाद होने वाले संभावित रिकॉल के बारे में सचेत रहें और खरीदारी के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें। उधर, एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में टायफॉइड वाला बैक्टीरिया मिलने पर अमेरिका ने इनकी एंट्री पर रोक लगा दी है, जबकि एक तिहाई शिपमेंट खारिज कर दिए हैं। पड़ोसी देश मालदीव ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों पर रोक लगा दी है। दरअसल, हांगकांग ने हाल ही में तीन एमडीएच मसालों और एवरेस्ट के फिश करी मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी थी जबकि सिंगापुर ने एथिलीन ऑक्साइड के अत्यधिक स्तर का हवाला देते हुए बाजार से एवरेस्ट मसाले को मंगा लिया था।

# लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी

**नयी दिल्ली :** दिन भर मजबूती के साथ कारोबार के करने के बाद आखिरी घंटे में हुई जबरदस्त बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में शेयर बाजार ने खरीदारी के सपोर्ट से मजबूत बढ़त बना ली। हालांकि कारोबार के अंत में मुनाफावसूली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, ऑटोमोबाइल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और पावर सेक्टर के



शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर मेटल, आईटी, ऑयल एंड गैस, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आने के बावजूद मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को नुकसान होने की जगह उनकी संपत्ति में मामूली इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 406.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 406.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,950 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,827 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,993 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 130 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,230 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,013 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,217 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 129.61 अंक की तेजी के साथ 74,800.89 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण ये सूचकांक 440.11 अंक उछल कर 75,111.39 अंक तक पहुंच गया। कारोबार के आखिरी घंटे में बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई।

## अमेजन पर के संग गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लें

**रांची :** अमेजन पे के संग कम खर्च में इन गर्मियों की छुट्टियों का आनंद लें। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से ज्यादा से ज्यादा बचत करें। प्राइम मेंबर्स 5 प्रतिशत तक कैशबैक और जो प्राइम मेंबर्स नहीं हैं, वे अपनी खरीदारी पर 3 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन पे की मदद से अपनी ट्रैवलटिकट बुक करें और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 5000 रुपये तक की छूट और डोमेस्टिक फ्लाइट पर 10 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाएं। प्राइम मेंबर्स अपनी उबर राइड पर 5 प्रतिशत कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। अमेजन पे से आपकी ट्रिप को बेहद आसन और मजेदार होगा। बुकिंग की झिकझिक और लॉजिस्टिक्स की झंझट को गुडबॉय तथा सुविधाओं एवं रोमांच से भरपूर दूनिया का इंजाय करने के लिए तैयार हो जाइये। फ्लाइट, कैब, होटल बुकिंग से लेकर फंकी ट्रैवल गैजेट्स तक, के लिए आपकी गर्मियों कीछुट्टी की शानदार योजना बनाने के लिए हमारे पास आपके लिए संपूर्ण जानकारी है। तो, करो अपना बैग पैक, सनस्क्रीन को रखो साथ, और अमेजॅन पे के संग अपने समर डेटीनेशन की योजना बनाएं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड किया पेश

**रांची/जमशेदपुर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिजाइन के साथ रुमियन की बाजार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा। टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं। टोयोटा रुमियन जी-एटी वेरिएंट 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर के सीरीज पेट्रोल इंजन से संचालित है, जिसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तकनीक है जो प्रतिक्रियाशील प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। जहां पेट्रोल ग्रेड का पावर आउटपुट 6000 आरपीएम पर 75.8 किलोवाट और 4400



आरपीएम पर 136.8 एनएम का टॉर्क है, वहीं सीएनजी ग्रेड 5500 आरपीएम पर 64.6 किलोवाट का आउटपुट और 4200 आरपीएम पर 121.5 एनएम का टॉर्क बढ़ाता है। टोयोटा रुमियन अब नियो ड्राइव एमटीः एस, जी और वी ग्रेड के सात वेरिएंट में उपलब्ध है। नियो ड्राइव एटीः एस, जी और वी ग्रेड। ई-सीएनजीः एस ग्रेड ग्राहकों के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट - बिक्री और रणनीतिक विपणन, सबरी मनोहर ने कहा, टोयोटा रुमियन लाइनअप में हम नए ग्रेड को जोड़ने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। इस तरह गतिशीलता की उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों के आदार पर ग्राहकों को व्यापक पसंद और अधिक विकल्प मिलेंगे।'

## इंडियन ऑयल का मुनाफा चौथी तिमाही में 52 फीसदी घटा

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में आईओसी का मुनाफा 52 फीसदी घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के बोर्ड ने 7 रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। आईओसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा आधे से भी कम होकर (52 फीसदी) घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में आईओसी को 10,059 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

## पेज एक के शेष

**छत्तीसगढ़ के नारायणपुर मुठभेड़ में 03 महिला नक्सली समेत 10 नक्सली ढेर...**

रवाना किया गया था। जवान मंगलवार की सुबह जब टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पहुंचे, तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायर खोल दिया। जवानों ने जवाबी कार्यवाही में 02 महिला नक्सली सहित कुल 07 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गये 07 नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है।

**16 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण कई पर था लाखों का इनाम...**

उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार के समक्ष 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इन सभी को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

**इन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों में 08 लाख का इनामी पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 का सदस्य अरुण कड़ती (उम्र 21 वर्ष) निवासी पोलमपल्ली स्कूलपारा थाना बासागुड़ा, 05 लाख का इनामी माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर एसीएम रमेश ऊर्फ मुन्ना हेमला (उम्र 42 वर्ष) निवासी फुलादी स्कूलपारा थाना जांगला, एक लाख का इनामी डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम कमाण्डर सुदरू पूनेम (उम्र 30 वर्ष) निवासी डुमरीपालनार पदमपारा थाना मिरतुर, एक लाख का इनामी डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष पायकी कारम (उम्र 35 वर्ष) साकिन डुमरीपालनार थाना मिरतुर, एक लाख का इनामी मद्देड एरिया कमेटी अन्तर्गत एलजीएस सदस्य प्रमोद ताती ऊर्फ छोटू (उम्र 25 वर्ष) निवासी पालनार तुंगलवाया थाना गंगालूर, पालनार आरपीसी मिलीशिया डिप्टी कमाण्डर पाकलू हेमला ऊर्फ परवेश, पालनार आरपीसी जन मिलीशिया सदस्य लक्ष्मण उरसा ऊर्फ मंगू उरसा, पालनार भूमकाल मिलीशिया सदस्य आयतू पूनेम ऊर्फ वरगेश, पालनार आरपीसी अंतर्गत डॉक्टर टीम का सदस्य बुधराम पोटाम, पालनार भूमकाल मिलीशिया सदस्य बुधु ताती ऊर्फ गढडा, पालनार भूमकाल मिलीशिया सदस्य लक्खू ताती, जनताना सरकार सदस्य/ विद्या संस्कृति शाखा अध्यक्ष पोदिया कारम, मददेड़ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्य रमेश पुनेम, पालनार आरपीसी अध्यक्ष सुखराम हेमला ऊर्फ रामलू, पालनार भूमकाल मिलीशिया सदस्य सुक्कू लेकाम ऊर्फ मांझी, जनताना सरकार सदस्य /सांस्कृतिक शाखा अध्यक्ष सुक्कू तांती ने आत्मसमर्पण किया है।

**जैक ने इंटर के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम किये घोषित...**

साइंस में 94433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 68,203 स्टूडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं। वोकेशनल में 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे और 439 छात्र यानी 89.22 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। साइंस में 72.2 फीसदी लड़के और 72.67 फीसदी लड़कियां उत्तीर्ण हैं। कॉमर्स में 93 प्रतिशत लड़कियां सफल हुई हैं। आर्ट्स में भी लड़कियां आगे रहीं।

जैक 12वीं बोर्ड की परीक्षा छह से 26 फरवरी तक दूसरी पाली में आयोजित की गयी थी। जबकि, 27 फरवरी से पांच मार्च तक प्रैक्टिकल एग्जाम हुआ था। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 740 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे।

जैक ने इससे पहले 19 अप्रैल को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की थी। साल 2024 में 4,21,687 (1,91,262 छात्र और 2,00,549 छात्राएं) छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 418623 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) छात्र परीक्षा में पास हुए थे। इसमें 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन, 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए थे।

**अब भारत की सीमा पर आंख उठा कर देखने की हिम्मत किसी में नहीं : मोदी...**

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के दिनों में अखबारों में हर दिन नये भ्रष्टाचार की खबरें आती थीं। आज देश में कितने भ्रष्टाचारियों के घर पकड़े गये, इसकी खबर मिल रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने इस देश को लूटा है, उन्हें इसे देश को वापस लौटाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को टुकड़ों में देखनेवाले लोग देश को लूटना चाह रहे हैं। कांग्रेस ने देश को लूटने की बड़ी योजना बनायी है। कांग्रेस आपकी सम्पत्ति हड़पने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के परिवारों ने अपने बच्चों के लिए देश में बहुत कुछ लूटा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले के दमनकारी नियम बदल रहे हैं। देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। मोदी ने कहा है कि 2029 में राष्ट्रीय ओलंपिक भारत में आयोजित करना उनका सपना है। उन्होंने कहा है कि देश के संविधान को कोई नहीं बदल सकता, लेकिन विपक्ष इसका अपप्रचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि लोगों को कांग्रेस से सावधान रहना चाहिए। कांग्रेस ने एसटी, ओबीसी वंचित लोगों को आगे नहीं आने दिया। मोदी सरकार के दस वर्षों में करोड़ों नागरिकों का जीवन बदल गया है। लातूर कई वर्षों से पानी की कमी से जूझ रहा है, लेकिन कांग्रेस ने कभी इसका समाधान नहीं किया।

**नकली शिवसेना ने राम मंदिर स्थापित करने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था : पीएम...**

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आपकी मेहनत की कमाई पर नजर है। हर माता-पिता अपने बच्चों के लिए पाई-पाई बचाने की कोशिश करते हैं। उनका प्रयास रहता है कि उनकी गाढ़ी कमाई बच्चों को मिलनी चाहिए। कांग्रेस ने सोचा है कि विरासत कर लगाया जाना चाहिए, फिर बच्चों को मंगलसूत्र भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस मंगलसूत्र व महिलाओं के आभूषण चुराने पर उतारू है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपने दस साल पहले का समय देखा था। आतंकवादी पहले हमला करते, फिर भाग जाते। कांग्रेस सरकार रोती थी। जो सरकार खुद कमजोर हो, क्या वह देश को मजबूत कर सकती है? इन दस सालों में आतंकवादियों का खात्मा किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब दुनिया भारत को चंद्रयान की वजह से पहचानने लगी है। जहां कोई नहीं गया, वहां हम चले गये। देश ने विज्ञान क्षेत्र में नयी उपलब्धियां हासिल की हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार भारत को ऊंचाइयों पर नहीं ले जा सकती। कांग्रेस की एक पहचान विश्वासघात है। कांग्रेस 60 साल तक सत्ता में रही, लेकिन मराठवाड़ा को पानी नहीं दिया। उन्होंने आपका पानी रोक दिया। पानी की समस्या टालती नहीं, मोदी उनका सामना करते हैं। मोदी का मिशन हर घर तक पानी पहुंचाना है, खेतों तक पानी पहुंचाना है। पीएम मोदी ने कहा कि पानी के लिए जो मोदी सरकार ने दस साल में किया, कांग्रेस साठ साल में नहीं कर पायी। 75 लाख लोगों को पांच साल तक पानी दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि वे मुझ पर झूठा आरोप लगाते हैं, मुझे गालियां देते हैं। कहते हैं कि मोदी आयेगा, तो लोकतंत्र खत्म हो जायेगा, संविधान बदल जायेगा। पीएम मोदी ने कहा कि झूठ बोलने की क्या जरूरत है? इन लोगों के पास बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है, इसलिए झूठा प्रचार कर रहे हैं।

**तीसरे चरण के पार्टी उम्मीदवारों को मोदी ने लिखा पत्र, कहा**

**कांग्रेस की सोच के खिलाफ लोगों को करें जागरूक**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरे चरण के पार्टी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत पत्र लिखा है। पत्र में उम्मीदवार पर अपनी राय के साथ प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से उन्हें वोट करने की अपील की है। पत्र में उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों को कांग्रेस की सोच के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कहा है।

प्रधानमंत्री एवं भाजपा नेता ने कहा है कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीन कर उसे अपने वोटबैंक को देना चाहती है। पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इस तरह का आरक्षण असंवैधानिक है। कांग्रेस लोगों की मेहनत को वोटबैंक को बांटना चाहती है। इस संदर्भ में उन्होंने विरासत कर का भी जिक्र किया।

नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से एकजुट होकर वोट करने की अपील की। भाजपा कार्यकताओं से लोगों को वोट के लिए घरों से निकालने को कहा। उन्होंने गर्मी का उल्लेख किया और इसका ध्यान रखते हुए सुबह-सुबह ही वोट कर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बूथ जीतने पर जोर दिया जाना चाहिए। मोदी की गारंटी लोगों तक पहुंचनी चाहिए।

**राष्ट्रपति आज करेंगी रामलला के दर्शन...**

पथ, नया घाट आदि विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था को देखा है। रामजन्मभूमि व हनुमानगढ़ी समेत अन्य महत्त्वपूर्ण स्थलों पर दर्शन पूजन, स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षा तथा सुविधा व सहूलियत के लिए आवश्यक हिदायत दी है।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू एक विशेष विमान से एक मई शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जायेगा। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में उनके स्वागत के लिए ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौजूद रहने की उम्मीद बतायी जा रही है।

**जुमलेबाजी की सरकार है केन्द्र की भाजपा सरकार, जनता सिखायेगी सबक : चम्पाई...**

चुनाव में एनडीए के पूरी ताकत झोंकने के बाद भी विधानसभा में 65 पार का नारा भाजपा ने दिया था, लेकिन 25 सीट में ही सिमट गयी। ठीक उसी तरह इस बार 400 पार नारा 150 में ही सिमट कर भाजपा रह जायेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पिछले चुनाव में झारखंड से भाजपा के 12 एमपी चुने गये, लेकिन एक भी काम यहां के हित के लिए नहीं किया। अच्छा दिन लाने के नाम पर भाजपा सत्ता में आयी थी, हर वर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इस वादा को भी केन्द्र की सरकार भूल गयी।

भाजपा सिर्फ जुमला की गारंटी दे सकती है। पिछले दस साल से हम लोग भाजपा का रवैया देखते आ रहे हैं। सिर्फ झूठ बोल कर भाजपा आम जनता से वोट लेती है, लेकिन इस बार जनता सबक सिखायेगी और इंडिया महागठबंधन की सभी 14 सीटों पर जनता विजय दिलाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज सम्पदाओं से भरा पड़ा है। इसे सोने की चिड़िया बोला जाता है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोक सभा का यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा करने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाही सरकार को रोकना है। उन्होंने कहा भाजपा कहती है, अच्छे दिन आयेंगे। दो करोड़ नोजवान को नॉकरी देने की बात कही। एक को भी नॉकरी नहीं दी। सभी के खाते में 15 -15 लाख देने की बात कही गयी थी। लेकिन, 15 पैसा भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की सरकार ने 05 हजार प्राइमरी स्कूल को बंद कर दिया, ताकि गरीब का बेटा नहीं पढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सभी बंद स्कूलों को खोलने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा की सरकार ने गैस सिलिंडर की कीमत 400 से बढ़ा कर 1100 कर दिया। उन्होंने कहा कि हरेक परिवार को झारखंड की सरकार ने वृद्धा पेंशन देने का कार्य किया। उन्होंने सभी से केएन त्रिपाठी को चुनाव जिताने की अपील की।

मंत्री सत्यनन्द भोक्ता ने स्टील प्लांट और रेलवे लाइन लाने की बात पट कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की सरकार छलावा की सरकार हैं। वह चुनाव में मतदाताओं से झूठा भाषण, झूठा आश्वासन देने का काम करती है।

## एशियन पेंट्स ने विराट कोहली को क्रांतिकारी पेशकश– 'नियो भारत लेटेक्स पेंट' के लिए बनाया है ब्रांड एंबेसडर

**रांची :** एशियन पेंट्स, भारत की सबसे आगे रहने वाली पेंट और डेकोर कंपनी, क्रिकेट आइकन, विराट कोहली को अपने आने वाले नये लॉन्च-नियो भारत लेटेक्स पेंट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा गर्व से करती है। नियो भारत लेटेक्स पेंट के साथ, एशियन पेंट्स इस डायनामिक उद्योग में अपनी मौजूदगी का विस्तार करके और इसे सभी के लिए ज्यादा सुलभ बनाकर पेंट की श्रेणी में क्रांति लाएगा। नियो भारत लेटेक्स पेंट हर तरह से क्रांतिकारी है क्योंकि इसमें विशेष पॉलिमर तकनीक है जो बेहतर फिनिश, ज्यादा कवरेज और क्लीनेबिलिटी




देती है। ये 'प्रगति के रंग', जो कि नियो भारत की टैग लाइन है, उन लाखों भारतीयों को समर्पित है जो बेहतर जीवन की तलाश में हैं, और एशियन पेंट्स का लक्ष्य उनकी यात्रा में उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलना है।बाजार में सबसे आगे रहते हुए, एशियन पेंट्स ने लगातार ऐसे नए-नए उत्पाद पेश किए हैं जो बेहतरीन होने को फिर से परिभाषित करते हैं, और नियो भारत लेटेक्स पेंट एक बार फिर इस श्रेणी में क्रांति लाने के लिए तैयार है। विराट कोहली से बेहतर कौन इस स्तर के लॉन्च के साथ न्याय कर सकता है। विराट ब्रांड के मूल्यों और भावना का प्रतीक हैं और यह एशियन पेंट्स के नेतृत्व और उच्च स्तर और प्रदर्शन के लिए समर्पण को दिखाता है, यह उन्हें एशियन पेंट्स और नए ढंग से बने नियो भारत लेटेक्स पेंट दोनों के लिए एक एकदम सही चेहरा बनाता है। आगामी लॉन्च और उसके ब्रांड एंबेसडर के लिए अपना उत्साह दशार्ते हुए, एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल ने कहा, हमारा आने वाला लॉन्च, नियो भारत लेटेक्स पेंट, एशियन पेंट्स के इतिहास में सबसे बड़े मौकों में से एक है, और विराट कोहली का इस जबरदस्त ब्रांड के चेहरे के रूप में होना हमारे उत्साह को बढ़ाता है।

## महिंद्रा ने लॉन्च की कॉम्पैक्ट एसयूवी में 'लीक से हटकर' नयी एक्सयूवी 3 एक्सओ, कीमत 7.49 लाख से शुरू

**रांची :** भारत की अग्रणी एसयूवी निमार्ता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज एक्सयूवी 3एक्सओ लॉन्च की, जिसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू होती है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नये स्टैंडर्ड बनाते हुए एक्सयूवी 3एक्सओ असाधारण डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक, रोमांचक प्रदर्शन और बेजोड़ सुरक्षा का संयोजन है। एक्सयूवी 3एक्सओ नवीनता और उत्कृष्टता के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, यह वास्तव में #एवरीथिंगयूवांटएंडमोर की बानगी है। एक्सयूवी 3एक्सओ की परिकल्पना मुंबई में महिंद्रा इंडिया डिजाइन स्टूडियो (एमआईडीएस)



में की गई थी और चेन्नई के पास महिंद्रा रिसर्च वैली (एमआरवी) में इंजीनियरिंग और डवलपमेंट किया गया था। एक्सयूवी 3एक्सओ महिंद्रा की वैश्विक डिजाइन और इंजीनियरिंग टीम की विश्व स्तरीय क्षमताओं का प्रतिनिधित्व करती है। एडवांस मैनुफैक्चरिंग प्रोसेस का उपयोग करके नासिक में महिंद्रा की अत्याधुनिक सुविधा में निर्मित यह गाड़ी ग्राहकों को एक उच्च गुणवत्ता वाली एसयूवी देती है जो जो मजबूत है और लंबे समय तक चलने के लिए इंजीनियर की गई है।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, 'सिर्फ 7.49 लाख रुपए की आकर्षक कीमत पर एक्सयूवी 3एक्सओ की लॉन्चिंग के साथ महिंद्रा बता रही है कि एक एसयूवी आखिर क्या हो सकती है, यह एसयूवी की नई परिभाषा है। यह नवाचार, सुरक्षा, आराम और परफॉर्मेंस का मेल है और इसे वह सब देने के लिए तैयार किया गया है जो आप एक एसयूवी में चाहते हैं।

## सोने की कीमत में गिरावट जारी, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज सोने की कीमत में 220 से 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,590 रुपये से लेकर 72,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। सोने में गिरावट आने के बावजूद चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 83,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कैम्पा कोला का नया कैंपेन लॉन्च

- कोका कोला और पेप्सी को मिलेगी कड़ी टक्कर
- गर्मियों में कोक और पेप्सी को टक्कर देने को तैयार है रिलायंस का कैम्पा कोला

**नयी दिल्ली :** गर्मियों का सीजन शुरू होते ही, ठंडा-पेय यानी कोल्ड ड्रिंक की मार्किट जोर पकड़ने लगी है। भारतीय कोल्ड ड्रिंक मार्किट में अपनी पैठ बनाने के लिए कैम्पा कोला ने 'नये इंडिया का अपना ठंडा' नाम से एक कैम्पेन लॉन्च किया है। कैम्पेन के जरिये कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक मार्किट के दिग्गज कोका कोला और पेप्सी को टक्कर देगी।




कैम्पा कोला ब्रांड, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) से जुड़ा है। कैम्पेन लॉन्च के मौके पर रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, यह कैम्पेन भारतीयों को किफायती कीमतों पर वैश्विक गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराने की हमारी यात्रा का पहला पड़ाव है। इस कैम्पेन को भारतीयों की आकांक्षाओं के जश्न के तौर पर पेश किया गया है। कैम्पेन के साथ-साथ कोल्ड ड्रिंक मार्केट में आरसीपीएल अपनी सप्लाई चेन को भी मजबूती दे रहा है। डिस्ट्रीब्यूशन को बढ़ाने और ऑपरेशन को सुचारु व कारगार बनाने की दिशा में भी काम चल रहा है।

जाने-माने लेखक प्रसून जोशी द्वारा परिकल्पित इस कैम्पेन को एक साथ टीवी, डिजिटल, आउटडोर और प्रिंट मीडिया में लॉन्च किया जा रहा है। प्रसून जोशी ने लॉन्च पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ₹इस नये क्रिएटिव के साथ, ब्रांड कैम्पा एक नये उभरते भारत के साथ तालमेल बिठाना चाहता है, जिसमें आत्मविश्वास है और जो नये क्षितिज तलाशने के लिए बेचैन है। इस नये भारत में एक प्यास है, जिसे बुझाने के लिए कुछ खास चाहिए। इस कैम्पेन फिल्म के निमार्ता अरुण गोपालन और गायक-संगीतकार शंकर महादेवन हैं।

